


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 90 | कोरबा, मंगलवार , दिनांक 31 दिसम्बर 2024 डाक 01 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
अखिल भारतीय छात्र संघ के सदस्यों ने पटना में 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) 2024 को रद्द करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**
इस देश ने लगाया ई-सिगरेट पर बैन, नए साल से बंद हो जाएगी बिक्री



**फीचर**
सर्दी में बंद नाक खोलने का सबसे सेफ तरीका, मिनटों में मिलेगा आराम



# नए साल के जश्न को लेकर देशभर में पुलिस अलर्ट

**नईदिल्ली, 31 दिसंम्बर [एजेंसी]।**

कुछ घंटों के बाद पूरा देश नए साल के जश्न में डूब जाएगा। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए गए हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है। उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, झारखंड में डैम के इर्दगिर्द स्टैटिक फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है, पंजाब में भी व्यवस्था दुरुस्त है तो चेन्नई में ड्रोन और सीसीटीवी संग 25,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुलिस ने उन सभी इलाकों को चिन्हित कर लिए हैं, जहां अमूमन इस तरह के मौकों पर वाहनों का दबाव रहता है। दक्षिण दिल्ली के डीसीपी अंकित चौहान ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टीमों को तैनात किया गया है, जो कि हर प्रकार की गतिविधियों पर नजर बनाकर रखेंगे। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कोई भी निर्धारित नियमों का




उल्लंघन ना करें। उन्होंने कहा कि आमतौर पर नए साल के मौके पर लोग नशे में गाड़ी चलाते हुए देखे जाते हैं, जिसे देखते हुए 21 महत्वपूर्ण स्थानों पर सांस विश्लेषक वाली सुरक्षा चौकियां लगाई गई हैं। वहीं त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) 15 अहम जगहों पर तैनात किए जाएंगे और 38 पीसीआर वैन तैनात किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की बात करें, तो यहां भी नए साल के जश्न को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि हम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील हैं। सभी शहरों में पुलिस को फ्लैग मार्च करने को कहा गया है, ताकि कोई अप्रिय स्थिति पैदा न हो।

हॉट स्पॉट इलाकों को चिन्हित करने को कहा गया है। प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, क्योंकि आमतौर पर लोग अपने नए साल की शुरुआत भगवान के दर्शन के साथ करना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में इस बात की उम्मीद है कि इस बार करीब आठ लाख लोग श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन कर सकते हैं। जिसे देखते हुए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ ही प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। झारखंड में भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। राज्य पुलिस की तरफ से प्रदेश के सुरक्षा की दृष्टि से सभी संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां पुलिस बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की आमद बढ़ गई है, जिसे देखते हुए पुलिस ने कमर कस ली है।



## डल्लेवाल को मनाने के लिए पंजाब सरकार को मिला समय, अब 2 जनवरी को होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**चंडीगढ़, 31 दिसंम्बर ।**

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के अपने 20 दिसंबर के आदेश का पालन करने के लिए समय दिया है। डल्लेवाल 26 नवंबर से आमरण अनशन पर हैं। पंजाब सरकार के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने समय दिया और मामले की सुनवाई 2 जनवरी को तय की।

## यमन में फंसी भारतीय नर्स की मदद की जाएगी हत्या के मामले में दी गई है मौत की सजा



**नईदिल्ली, 31 दिसंम्बर [एजेंसी]।**

यमन में फंसी भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मदद का विदेश मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह नर्स प्रिया की पूरी मदद करेगा। यमन नागरिक की हत्या के मामले में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा को राष्ट्रपति रशद अल अलीमी ने मंजूरी दे दी। बताया जाता है कि निमिषा को एक महीने के अंदर फांसी की सजा दी जाएगी। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमें निमिषा प्रिया के मामले की जानकारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रिया का परिवार कई विकल्पों के बारे में विचार कर रहा है। सरकार इस मामले में हर संभव मदद कर रही है। हम हर कानूनी मदद मुहैया कराएंगे। निमिषा प्रिया 2017 से यमन की जेल में बंद है। निमिषा पेशे से नर्स है और नौकरी के सिलसिले में यमन गई थी। निमिषा पर आरोप है कि उसने साल 2017 में यमन के रहने वाले तलाल अब्दो माहदी को दवाई की ओवरडोज देकर मार डाला था। दरअसल निमिषा का पासपोर्ट तलाल के पास जमा था और पासपोर्ट पाने के लिए ही निमिषा प्रिया ने तलाल को मार डाला। सुनवाई के दौरान निमिषा ने कोर्ट को बताया कि तलाल ने फर्जी दस्तावेज बनाकर उसे अपनी पत्नी साबित कर दिया था और उसे प्रताड़ित करता था। निमिषा भागकर भारत ना आ जाए, इसके लिए तलाल ने निमिषा का पासपोर्ट अपने पास रख लिया था। साल 2020 में निमिषा को कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई। अब निमिषा की सजा को राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी है।

# किसानों ने 'महापंचायत' में भूमि मुआवजे में वृद्धि की मांग की

**ग्रेटर नोएडा, 31 दिसंम्बर [एजेंसी]।**

हजारों किसानों ने सोमवार को विकास परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित भूमि के लिए मुआवजे में बढ़ोतरी, 2013 भूमि अधिग्रहण अधिनियम के कार्यान्वयन और जेल में बंद किसानों की रिहाई सहित अपनी मांगों को दोहराया। उन्होंने जीरो प्वाइंट पर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले आयोजित महापंचायत में भाग लिया। इस अवसर पर, वरिष्ठ किसान नेता राकेश टिकैत ने महापंचायत के माध्यम से प्रशासन के साथ संचार चैनल खोलने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा आज हमारा लक्ष्य प्रशासन के साथ बातचीत का रास्ता बनाना था और वह रास्ता अब खुल गया है। अब अधिकारियों के साथ बातचीत टेबल पर होगी। हैदराबाद पुलिस ने अल्लू अर्जुन को पेश होने के



लिए कहा! टिकैत ने कहा कि भूमि मुआवजे और सरकारी नीतियों सहित किसानों के मुद्दों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार इन मामलों पर चर्चा करने को तैयार है। उन्होंने बातचीत के जरिए समाधान निकालने की उम्मीद जताई। अधिकारियों को चर्चा के लिए टेबल पर आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की जमीन का शोषण बंद करना चाहिए। भारतीय किसान यूनियन-टिकैत के प्रवक्ता सुनील प्रधान ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में किसान विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। पिछले महीने, यूपी सरकार ने फरवरी, 2024 में गठित पैनल की सिफारिशों को लागू करने के लिए एक समिति बनाई थी। लेकिन लगभग एक महीना बीत चुका है और किसानों के साथ कोई अपडेट या बैठक नहीं हुई है। हमारा मानना है कि कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। दबाव बनाने और उचित मुआवजे की अपनी मांग को दोहराने के लिए, हमने जीरो प्वाइंट पर इकट्ठा होने का फैसला किया है।

इस बीच, महापंचायत में बुलंदशहर, मेरठ, अलीगढ़, मथुरा और हापुड़ सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों के किसानों ने भाग लिया। किसानों की बैठक में लंबित 64.7 प्रतिशत मुआवजे और किसानों को 10 प्रतिशत भूखंडों के आवंटन के साथ-साथ 2013 के भूमि अधिग्रहण अधिनियम को लागू न करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। कुछ किसानों ने उनके विरोध को खत्म करने के लिए सरकारी अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर बलपूर्वक उठाए गए कदमों और जेल में बंद किसानों को रिहा करने की आवश्यकता के बारे में भी चिंता जताई।

## आचार्य दयासागर का निधन, डॉ चरणदास महंत ने जताया दुःख



**रायपुर।** आचार्य दयासागर का निधन हो गया। उनके निधन पर डॉ चरणदास महंत ने कहा, अपना सम्पूर्ण जीवन आर्य समाज सेवाश्रम को समर्पित कर अनेकों देशभक्त धर्मनिष्ठ आर्यवीरों का निर्माण करने वाले पूज्य आचार्य दयासागर जी के आकस्मिक निधन का समाचार मन को आहत करने वाला हैं ! ईश्वर उनकी आत्मा को सदगति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दें !! शांति प्रकाश परमार ने शोक जताते हुए कहा, दुखद.... अपना सम्पूर्ण जीवन आर्य समाज सेवाश्रम को समर्पित कर अनेकों राष्ट्रभक्त धर्मनिष्ठ आर्यवीरों का निर्माण करने वाले पूज्य आचार्य दयासागरङ्जी के आकस्मिक निधन का समाचार मन को आहत करने वाला हैं ! ईश्वर उनकी आत्मा को सदगति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दें !! ? **शांति**

## कोलकाता के दवा फर्म पर सीडीएससीओ की छापेमारी, 6.6 करोड़ रुपये की नकली दवाएं जब्त, हिरासत में मालकिन



**कोलकाता, 31 दिसंम्बर [एजेंसी]।**

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के एक थोक दवा दुकान के परिसर में 6.6 करोड़ मूल्य की नकली दलाएं जब्त की गईं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और औषधि नियंत्रण निदेशालय की संयुक्त जांच में इसका खुलासा हुआ। इस जांच के दौरान एक महिला की पहचान फर्म की मालकिन के तौर पर की गई। उसे सीडीएससीओ पूर्वी जोन के ड्रग्स इंस्पेक्टर ने हिरासत में ले लिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से इसकी जानकारी दी गई है। कोलकाता के केयर एंड क्योर फॉर यू फर्म में छापेमारी की गई। इस दौरान बड़ी मात्रा में बड़ी मात्रा में कैंसर रोधी, मधुमेह रोधी और नकली दवाएं जब्त की गईं। इन दवाओं में आयरलैंड, तुर्की, अमेरिका और बांग्लादेश समेत कई देशों में निर्मित होने का लेबल लगाया गया। इन दवाओं का कोई वैध दस्तावेज नहीं था।

मंत्रालय ने बताया कि वैध दस्तावेजों की अनुपस्थिति के कारण इन दवाओं को नकली माना जाता है। जांच दलों को कई खाली पैकिंग सामग्री भी मिली। जब्त की गई दवाओं की कुल बाजार कीमत 6.60 करोड़ रुपये है। उचित जांच सुनिश्चित करने के लिए दवाओं के नमूने को गुणवत्ता परीक्षण के लिए भेजा गया है। कुछ दवाओं को सीडीएससूओ ने सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने गिरफ्तार महिला को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले की आगे की जांच जारी है।

## अमेरिका पर साइबर हमले कर रहा चीन? अब ट्रेजरी डिपार्टमेंट को हैकरों ने बनाया निशाना, गोपनीय दस्तावेज चोरी

**वॉशिंगटन।** चीनी साइबर हैकरों ने यूएस के ट्रेजरी डिपार्टमेंट को निशाना बनाया है। इस साइबर अटैक में हैकरों को ट्रेजरी के कुछ वर्कस्टेशनों का एक्सेस मिल गया था। डिपार्टमेंट ने इस संबंध में अमेरिकी संसद को जानकारी दी है। ट्रेजरी के प्रवक्ता ने कहा कि यह घटना इसी महीने की शुरुआत में हुई। चीनी सरकार द्वारा प्रायोजित साइबर हैकरों ने थर्ड पार्टी साइबर सिक्योरिटी प्रोवाइडर की सुरक्षा को भेद दिया और ट्रेजरी वर्कस्टेशन व कुछ अनक्लासिफाइड डाक्यूमेंट्स का रिमोट एक्सेस हासिल कर लिया। थर्ड पार्टी सर्विस प्रोवाइडर बेयॉन्ड ट्रस्ट ने जब इस संबंध में जानकारी दी, तब ट्रेजरी ने यूएस साइबर सिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी से संपर्क किया। फिलहाल डिपार्टमेंट, लॉ इंफोर्समेंट एजेंसियों के साथ



मिलकर नुकसान का अध्ययन कर रहा है और मामले की जांच की रही है। थर्ड पार्टी सर्विस प्रोवाइडर की सेवाएं ऑफलाइन कर दी गई हैं और इस बात के कोई सबूत नहीं है कि हैकरों के पास ट्रेजरी के सिस्टम या इंफॉर्मेशन का एक्सेस हो। सीनेट बैंकिंग कमेटी को लिखे पत्र में ट्रेजरी ने कहा, उपलब्ध संकेतों के आधार पर यह पता चलता है कि इस साइबर हमले के तार चीनी सरकार द्वारा प्रायोजित एडवांस पर्सिस्टेंट थ्रेट से जुड़े हैं। एडवांस पर्सिस्टेंट थ्रेट उन साइबर हमलों को कहा जाता है, जिसमें कोई हैकर किसी सिस्टम का अनधिकृत रूप से प्रवेश पा जाता है, लेकिन लंबे वक्त तक इसकी भनक नहीं लग पाती। हालांकि डिपार्टमेंट ने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी कि सुरक्षा में सेंध के क्या प्रभाव पड़ा है।

## सीएम आवास के नीचे भी शिवलिंग सपा प्रमुख के बयान पर साक्षी महाराज का पलटवार, बोले- गेंद अखिलेश के पाले में...

**उन्नाव।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री आवास को खोदवाकर देख लेने वाले बयान पर सांसद डा. सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने कहा कि अखिलेश को केवल मुख्यमंत्री आवास ही दिख रहा है। इटावा में उनका आवास है पहले वहीं खोदवा कर देख लें। इसके बाद सांसद ने चुटकी लेते हुए कहा कि पहल उन्होंने की है इसलिए खोदाई के लिए अब गेंद अखिलेश के पाले में फेंक दी है। वहीं, पशुपालन व दुग्ध



विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जहां जल है वहां शिव है, जहां शिव है वहां कल्याण है। अखिलेश जो कह रहे हैं वह उनकी विनाशकारी बुद्धि है। उन्होंने आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी द्वारा मुसलमानों को नया साल न मनाने को लेकर जारी फतवा पर पलटवार किया। कहा कि ये देश सभी का देश है, कोई किसी भी धर्म को माने।

हमारा देश धर्म निरपेक्ष है, लेकिन देश के प्रति वफादारी का भाव रखें। मंत्री ने कहा कि भारत माता को भारत माता मानना होगा, जो उनके प्रति अभद्र शब्द कहेगा तो उसे इस देश में रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने लखनऊ में सपाइयों द्वारा लगवाई गई होर्डिंग पर कहा कि यह देश संविधान से चलता है। जो भी गलती करेगा उसे दंड अवश्य मिलेगा। हिंदू या मुसलमान के कटने व बंटने का विषय नहीं है, न्याय का विषय है।

## क्वाड के 20 साल, संयुक्त बयान में कहा गया- आपदा राहत से रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचे हम



**नईदिल्ली, 31 दिसंम्बर [एजेंसी]।**

ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका का रणनीतिक गठबंधन चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) सहयोग के 20 साल पूरे कर रहा है। वर्ष 2004 में भारतीय महासागर में आए भूकंप और सुनामी के जवाब में स्थापित किया गया क्वाड एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो खुले, स्थिर और समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का समर्थन करता है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान में आसियान की महत्ता और एकता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की और क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। बयान के अनुसार, 20 साल पहले (2004) में हिंद महासागर में आए भूकंप और सुनामी के जवाब में, हमारे देशों ने इतिहास के सबसे बड़े आपदाओं में से एक से प्रभावित लाखों लोगों की मदद के लिए एकजुट होकर काम किया। हम उन लोगों की यादों का सम्मान करते हैं और बचे हुए लोगों का मान रखते हैं। इसमें उल्लेख किया गया कि चार देशों के 40,000 से अधिक आपातकालीन प्रतिक्रिया कर्मियों ने मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान करने के लिए मिलकर काम किया, जो क्वाड के मिशन का एक अभिन्न हिस्सा बना हुआ है। बयान में आगे कहा गया है, मानवीय सहायता और आपदा राहत के प्रति हमारी आधारभूत प्रतिबद्धता मजबूत बनी हुई है। हम पूरे क्षेत्र में आपदाओं के लिए तैयारी करने और तत्काल तथा प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करना जारी रखेंगे।

## छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स ने डिप्टी सीएम अरुण साव से की भेंट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स ने डिप्टी सीएम अरुण साव से भेंट की। साव ने कहा, कैबिनेट ने राइस मिलर्स के हित में बहुत बड़ा निर्णय लिया है। निश्चित ही इससे धान खरीदी की



व्यवस्था में और तेजी आएगी व इसका लाभ किसान भाइयों को मिलेगा। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी केंद्रों में जाम पड़े धान तथा राइस मिलर्स और सरकार के बीच चल रही खींचतान के बीच साय सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार ने राइस मिलर्स को 2022-23 के प्रोत्साहन राशि की लंबित दूसरी किस्त का भुगतान करने की सहमति दे दी है। इसके साथ ही धान एवं चावल के परिवहन की दर के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की अनुशंसा के मुताबिक निर्धारित दर की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। सोमवार को हुई साय कैबिनेट की बैठक में कुछ और महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथैरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## पुलिस ने मुठभेड़ के बाद किया शातिर बदमाश को गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद



**नोएडा, 31 दिसंम्बर [एजेंसी]।**

नोएडा के थाना सेक्टर-49 में पुलिस और शातिर बदमाश के बीच बीती देर रात मुठभेड़ हुई है। पुलिस की गोली से घायल बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से अवैध हथियार बरामद हुआ है। यह बदमाश लूट और चोरी के कई मामलों में वांछित चल रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 31 दिसंबर को थाना सेक्टर-49 नोएडा पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास पेट्रोल पंप से केन्द्रीय विहार गोल चक्कर सेक्टर-50 नोएडा जाने वाली रोड पर हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान सीवेज प्लांट के पास सर्विस रोड से बदमाश नदीम (24) को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि चेकिंग के दौरान जब बदमाश को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। जिसके बाद बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। जिसपर पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल बदमाश के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 1 जिंदा कारतूस .315 बोर, 1 खोखा कारतूस .315 बोर और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

# महतारी वंदन योजना की राशि से घर चलाना होता है आसान

## सतरेंगा की सावित्री बाई को हर माह मिलती है एक हजार की राशि



कोरबा । यूँ तो सावित्री बाई अब लगभग 65 साल की है लेकिन उन्हें अब भी याद है कि जब वह 47-48 साल पहले इस गाँव में आई थी तब उनके खेती-किसानी की जमीन बाँगो डुबान में समा गई। लगभग पाँच दशक पहले खेत पानी में डूब जाने के पश्चात सावित्री बाई अपने पति के साथ लगभग आधा एकड़ में ही फसल लेती है। वह सतरेंगा में एक छोटा सा होटल भी चलाती है।

यहाँ के पिकनिक स्पॉट में आने वाले पर्यटकों के भोजन करने पर ही उनकी आमदनी होती है, वर्ना उनकी आमदनी की कोई गारंटी नहीं होती। सावित्री बाई को खुशी है कि आमदनी के लिए दिन भर पर्यटकों के आने का इंतजार के बाद भी जब कोई नहीं आता तब भी उन्हें अब ज्यादा चिंता नहीं रहती, क्योंकि महीने में उनके खाते में हर माह एक हजार रुपए महतारी वंदन योजना से मिल जाता है। यह राशि उनके लिए बहुत काम की होती है। घर का खर्च चलाने में महतारी वंदन की राशि का उपयोग होता है। कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम झोरीबहार सतरेंगा की सावित्री बाई ने बताया कि बेटो की शादी होने के साथ सभी अलग-अलग रहते हैं। उन्होंने बताया कि शादी के बाद वह इस गाँव में आई। जब वह 22 साल की थी तभी बाँगो डुबान में उनकी खेती की जमीन पानी में डूब गई। खेत पानी में डूबने के बाद हाजरी-मजदूरी करके जीवन यापन करना पड़ा। इस बीच सतरेंगा पिकनिक स्पॉट में छोटा सा होटल खोली है। यहाँ पर्यटक आने और उनके होटल में खाना खाने से ही कुछ कमाई हो जाती है। उन्होंने बताया कि हर दिन कुछ कमाई हो जाए यह निश्चित नहीं होती,लेकिन जब से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव की सरकार ने महतारी वंदन योजना शुरू की है तब से खाते में एक हजार रुपए आने की गारंटी होती है।

उन्होंने बताया कि यह राशि होटल चलाने में भी मदद करती है। कई बार होटल के लिए चावल, सब्जी और अन्य सामग्री खरीदने के लिए पैसे नहीं होने पर योजना से मिली राशि का उपयोग कर लेती है और इस पैसे से अतिरिक्त पैसा बना लेती है। घर के अन्य सामान खरीदने के लिए भी महतारी वंदन की राशि मददगार बनती है।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत आवेदकों को पोर्टल में अपनी जानकारी परिवर्तन करने की मिली सुविधा

कोरबा । प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की पीएम विश्वकर्मा अनुभाग द्वारा पोर्टल में हुए परिवर्तन के अनुसार पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जिले के जिन आवेदकों द्वारा आवेदन किये गये हैं, यदि आवेदन में अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, पता, बैंक आईएफएससी कोड में परिवर्तन करना चाहते हों ऐसे आवेदक स्वयं पीएम विश्वकर्मा पोर्टल में एप्लीकेन्ट लागिन कर आवेदन की अद्यतन स्थिति व निजी जानकारी अपने स्तर पर परिवर्तन कर सकते हैं।

## मानदेय दर पर योग प्रशिक्षक हेतु 08 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

कोरबा । जिले के 17 शासकीय आयुर्वेद औषधालय एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर रजगामार, मदनपुर, बरपाली, बेहरचुंवा, भिलाईबाजार, बोईदा, चैतमा, कनकी, कटघोरा, नोनबिर्रा, पाढ़ीमार, परसदा, पिपरिया, सोहागपुर, सुखरीकला, तिवरता और कोरबी) में दैनिक मानदेय दरों पर प्रतिदिन योगाभ्यास हेतु एक-एक योग प्रशिक्षक की आवश्यकता है। योग प्रशिक्षक को योग की विभिन्न क्रियाओं व विधाओं द्वारा जनसामान्य को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाते हुए योग के लिए जागरूक कराना है। योग प्रशिक्षक हेतु आवेदन पत्र 8 जनवरी 2025 सायं पांच बजे तक आमंत्रित किया गया है। योग प्रशिक्षक के आवेदन हेतु केवल वे ही आवेदक पात्र हैं जिनका नाम छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर द्वारा उपलब्ध कराये गये सूची में सम्मिलित हैं। योग प्रशिक्षक हेतु आवेदन संयुक्त कलेक्टर एवं अध्यक्ष योग प्रशिक्षक चयन समिति कोरबा के नाम से करते हुए समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की छाया प्रति के साथ 08 जनवरी 2025 सायं 5 बजे तक कार्यालयीन दिवस में कार्यालय जिला आयुष अधिकारी कोरबा जिला कोरबा (छ0ग0) स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से आकर जमा कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी पूर्व में आवेदन कर चुके हैं उनको पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला आयुष अधिकारी कोरबा से संपर्क किया जा सकता है।

### पक्के घर से मिला सुखमय जीवन और स्थायी संपत्ति का प्रतीकः लाभार्थी आनंद राम

## प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से आनंद राम को मिला सुरक्षित और पक्का आशियाना



कोरबा । प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से पोड़ीबहार के श्री आनंद राम के पक्के और सुरक्षित घर का सपना पूरा हुआ है। लंबे समय से कच्चे मकान में परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले आनंद राम को अब एक स्थिर और सुरक्षित आवास मिल गया है, जो उनके लिए केवल चार दीवारों का घर नहीं, बल्कि उनकी मेहनत और उम्मीदों का प्रतीक बन गया है। इस घर के निर्माण से न केवल उनकी जिंदगी में सुरक्षा और आराम आया है, बल्कि यह उनके भविष्य की स्थायी संपत्ति भी बन चुकी है। लंबे समय से अपने पुराने कच्चे मकान में परिवार के साथ जीवन गुजारने वाले आनंद राम का सपना हमेशा एक पक्के और सुरक्षित घर का था। बरसात के मौसम में कच्ची मिट्टी से बने उनके पुराने घर में छत से पानी टपकना दीवारों फर्श में सीलन आ जाने की समस्या तो रहती थी, साथ ही जहरीले सांप-बिच्छू का डर उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका था। हर दिन घर की असुरक्षा के साथ एक नई चुनौती का सामना करना पड़ता था, और हर रात एक अनजान खतरों से डर के साए में बितानी पड़ती थी।लाभार्थी आंनद राम ने बताया प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जब उन्हें आवास निर्माण की स्वीकृति मिलने से उनके पक्के आवास का सपना धीरे-धीरे साकार होने लगा। पहली किश्त की राशि खाते में आते ही घर बनाने का काम की शुरू हो गया। आवास निर्माण का कार्य तेजी से आगे बढ़ा, समय-समय पर बाकी किश्तें भी मिली और हर किश्त के साथ उनका सपना और करीब आता गया और देखते ही देखते उनका नया पक्का घर तैयार हो गया। अब, वह और उनका परिवार एक सुरक्षित और मजबूत घर में रहते हैं, जहाँ ना तो पानी टपकता है, ना दीवारों में सीलन है, और न ही सांप-बिच्छू का डर। आनंद राम का नया घर सिर्फ चार दीवारों और छत ही नहीं, यह उनकी मेहनत, उम्मीद और सरकार की मदद से साकार हुआ एक मजबूत आशियाना है।उनके नए पक्के घर ने न केवल उनके जीवन को सुखमय बना दिया है, बल्कि यह उनके लिए स्थायी संपत्ति का प्रतीक भी बन गया है।

# गेवरा में इंटर कंपनी बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ समापन



कोरबा। एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में इंटर-कंपनी बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन समारोह, सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया।

तीन दिन तक चले इस टूर्नामेंट में कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपना दमखम दिखाया। टूर्नामेंट में कड़े मुक़ाबले देखने को मिले एवं अंत में पुरुष टीम चैंपियनशिप का खिताब डब्ल्यूसीएल ने जीता और उपविजेता एसईसीएल की टीम रही। वहीं, महिला टीम चैंपियनशिप का खिताब एनसीएल ने जीता और उपविजेता फिर से एसईसीएल की टीम रही।

विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं चेक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके मोहंती एवं महाप्रबंधक (सिविल/ सीएसआर/कल्याण) आलोक कुमार, गेवरा क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्ष, गेवरा क्षेत्र जेसीसी सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य, प्रोजेक्ट जेसीसी के सदस्य, और गेवरा क्षेत्र के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कोल इंडिया के जेसीसी और कल्याण समिति के सदस्य, गेवरा क्षेत्र, मुख्यालय की प्रशासन एवं कल्याण विभाग की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गई आम नागरिकों की समस्याएं

# किसान कमल पाटले की समस्या का हुआ त्वरित निराकरण, खसरे का भुइयां सॉफ्टवेयर में हुई एंट्री



कोरबा । कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले के दूर दराज इलाको से अपने समस्याओं के समाधान के लिए आए आम नागरिकों की परेशानियों को गंभीरता से सुना और तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।जनदर्शन में आज कुल 85 आवेदन प्राप्त हुए।

पाली के कुटेलाभाठा के किसान श्री कमल पाटले द्वारा धान विक्रय हेतु रकबा संसोधन कराने के सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक ने बताया कि उनको वनाधिकार पट्टे के तहत प्राप्त भूमि का खसरा भुइयां सॉफ्टवेयर में एंट्री नही हो पाया है, इस कारण वह अपने उक्त भूमि में लगाए धान की फसल को विक्रय नही कर पा रहे है। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को तहसीलदार पाली से समन्वय कर किसान की समस्या का शीघ्रता से निराकृत कराकर राहत पहुचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार पाली द्वारा किसान के आवेदन का जांच कर उक्त खसरे का भुइयां सॉफ्टवेयर में एंट्री कर एकीकृत पोर्टल में प्रविष्टी भी पूर्ण किया गया है।जिससे किसान को उक्त खसरे के धान विक्रय में अब परेशानी नही होगी। जनदर्शन में किसान की समस्या का तत्काल निराकरण होने से उन्हें राहत मिला है।

इसी प्रकार जनदर्शन में आज अनुकम्पा नियुक्ति, सीमांकन, बंटवारा, अतिक्रमण हटाने, पेंशन, सहायक उपकरण, रकबा संसोधन, आर्थिक सहायता , वेतन भुगतान, सहित शिकायत जैसे आवेदन शामिल है। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों का उचित परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीकांत कसेर, खाद्य अधिकारी श्री जी एस कंवर सहित , शिक्षा, समाज कल्याण , श्रम विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संभागायुक्त कोर्ट में तेजी से हो रहा प्रकरणों का निराकरण

कोरबा। श्री महादेव कावरे, भाप्रसे संभागायुक्त रायपुर द्वारा दिनांक 30 अगस्त, 2024 को संभागायुक्त बिलासपुर संभाग का अतिरिक्त प्रभार लिया जाकर अपर आयुक्त बिलासपुर संभाग के न्यायालय के प्रकरणों की भी सुनवाई इनके द्वारा किया जा रहा है। बिलासपुर संभाग में राजस्व प्रकरणों का त्वरित गति से निराकरण हो रहा है।

पक्षकार अब अपने प्रकरणों के वर्तमान स्थिति के सम्बंध में जानकारी वेबसाईट रेवेन्यू डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन (ीजजचेरू//तमअमदनम.बह.दपब.पद) एवं आपको डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीजी रेवेन्यू (ूण्बहतमअमदनम) अद्यतन स्थिति की ऑनलाइन भी जांच कर सकेंगें। श्री महादेव कावरे द्वारा न्यायालय संभागायुक्त आयुक्त बिलासपुर के पीठासीन अधिकारी की हैसियत से राजस्व वर्ष 2023-24 दिनांक 30 सितम्बर, 2024 की स्थिति में 2310 दर्ज प्रकरण में से 252 प्रकरणों की सुनवाई कर आदेश पारित / निराकरण पश्चात् 2058 शेष दर्ज है। इसी तरह अपर आयुक्त बिलासपुर संभाग के पीठासीन अधिकारी की हैसियत से 1194 दर्ज प्रकरण में से सुनवाई कर 227 प्रकरणों में आदेश पारित कर निराकृत पश्चात् 967 लंबित है। राजस्व वर्ष 2024-25 जो कि कलेण्डर वर्ष 01 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ होकर अगले वर्ष 30 सितम्बर 2025 तक होता है। इस दौरान 01 अक्टूबर 2024 से दिनांक 27 दिसम्बर 2024 की स्थिति में आयुक्त न्यायालय में विगत वर्षों के लंबित प्रकरणों सहित 72 नये प्रकरण दर्ज होकर 2130 प्रकरणों में से 79 प्रकरणों पर आदेश जारी किया गया है। इसी तरह अपर आयुक्त के न्यायालय में 67 नये प्रकरण दर्ज होकर 1034 प्रकरणों में से 62 में आदेश प्रसारित किया गया है।वर्तमान में आयुक्त न्यायालय में 2051 एवं अपर आयुक्त न्यायालय में 972 लंबित, इस प्रकार कुल ऑनलाईन 3023 प्रकरण निराकरण हेतु लंबित है। संभागायुक्त न्यायालय बिलासपुर द्वारा शासन के समय समय पर जारी दिशा-निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में प्रकरणों की ऑनलाईन एण्ट्री के साथ विशेष रूप से पक्षकार एवं उनके अधिवक्तागणों की सुविधाओं की दृष्टि से उनके मोबाईल नंबर प्राप्त कर लिंक किये जाने का कार्य प्रगति पर है, जिससे कि सम्बंधितों को प्रकरण की अद्यतन स्थिति का संदेश प्राप्त हो सके।

## एएसपी नेहा का तबादला

कोरबा। नगरीय निकायों के चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले विभिन्न विभागों में तबादलों का दौर जारी है। इस कड़ी में पुलिस विभाग के 13 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों का तबादला सूची जारी हुआ है। पुलिस मुख्यालय से जारी तबादला आदेश के अनुसार कोरबा जिला भी प्रभावित हुआ है। कटघोरा में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा का तबादला बस्तर जिला हुआ है। उनके स्थान पर कांकेर जिला से नीतीश कुमार ठाकुर को पदस्थापना मिली है। पुलिस मुख्यालय में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा बांगो बटालियन में पदस्थ किए गए हैं।

# बोर्ड परीक्षा के परिणाम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करें शिक्षा विभाग : कलेक्टर अजीत वसंत



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की बोर्ड परीक्षा में बच्चों के परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी एवं बीईओ को निर्देश दिए कि पढाई में कमजोर बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए उन पर विशेष ध्यान देकर अध्यापन कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि आगमी 2 माह में पढ़ाई में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देकर उन्हें मजबूत करें।बच्चों को पढ़ाई में निरंतरता बनाने के लिए प्रेरित करें। उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगायें। ब्लैक बोर्ड पर लिखने का अभ्यास करायें। परीक्षा की तैयारी की दृष्टि से गृह कार्य में प्रश्नोत्तर लिखा कर रिवीजन करायें। परीक्षा को ध्यान में रखते हुए बच्चों के विषय वार टेस्ट लेवे । उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में बच्चों को नाश्ता वितरण सुचारू रूप से सतत होना चाहिए। इसके साथ ही विद्यालयों को चूल्हा मुक्त करते हुए गैस से भोजन पकाया जाए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास एवं परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए विद्यालयवार एवं व्याख्याताओं के विषयवार विस्तृत समीक्षा की जा चुकी है। इसके साथ ही परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए विद्यालयों के प्राचार्यों की भी समीक्षा की गई है। उन्होंने विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि विगत वर्ष के परीक्षा परिणामों को ध्यान में रखकर शिक्षक मेहनत करें और इस वर्ष उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने के प्रयास करें। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि प्रत्येक विद्यालय के शिक्षक अपने विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के दृष्टिगत शिक्षकों के द्वारा बच्चों की लिखावट की गति एवं शुद्धता पर ध्यान दिया जाये। शिक्षक का मुख्य कार्य अध्यापन कार्य होता है। बच्चों को पढ़ाकर ही आगे बढ़ाया जा सकता है। कलेक्टर ने श्रेष्ठ परिक्षा परिणाम के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों की सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ मद से विद्यालयों में नियुक्त अतिथि व्याख्याताओं की निरंतरता उनके विषयों के परीक्षा परिणाम के आधार पर की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में आवश्यकतानुसार छात्र छात्राओं को अलग अलग शौचालय तथा किचन शेड बनाने के प्रस्ताव भेजे। बच्चों की रुचि को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक ब्लॉक के 2- 2 अच्छे विद्यालयों में एस्ट्रोनॉमी लेब निर्माण के प्रस्ताव भेजे। शाला विकास समिति के द्वारा किए जा रहे शौचालय निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग,जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी.पी.उपाध्याय, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

# घुमंतू पशुओं से दुर्घटना रोकथाम एवं व्यवस्थापन की पहल

## डीएमएफ अंतर्गत स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों के साथ गौआश्रय हेतु राशि स्वीकृति

कोरबा। छ0ग0 शासन एवं माननीय उच्च न्यायालय छ0ग0 बिलासपुर में लंबित प्रकरण जिसमें राष्ट्रीय राजमार्गों में घुमन्तु पशुओं से होने वाली दुर्घटना की रोकथाम एवं पशुओं के समुचित व्यवस्थापन हेतु प्रत्येक जिले को निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा पाली एवं पोंड़ी उपरोड़ा विकासखंड के 02 ग्रामों में गौआश्रय खोले जाने का निर्णय लिया गया है। जिस हेतु पशुधन विकास विभाग कोरबा द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति का प्रकाशन कर स्थानीय स्वयं सेवी संगठनों से आवेदन प्राप्त किये गये।

आवेदन उपरांत संगठनों को जिला प्रशासन लीज पर भूमि उपलब्ध करायेगी एवं पशुओं के रखरखाव व आहार की व्यवस्था हेतु छ0ग0 राज्य गौ सेवा आयोग के नियमानुसार राशि का भुगतान डीएमएफ के माध्यम से किया जायेगा। इस दिशा में डीएमएफ से प्रस्ताव स्वीकृत कर राशि स्वीकृति की जा चुकी है एवं स्वयं सेवी संगठनों से आवेदन प्राप्त कर चयनित किया जा चुका है। उपरोक्त हेतु संस्था रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसायटीज से पंजीकृत हो एवं न्यूनतम 5 वर्ष से गौसेवा से जुड़े हों। प्रथम चरण में पाली एवं पोड़ी उपरोड़ा में 1-1 चिन्हांकित भूमि पर गौशाला / गौआश्रय स्थापना की जायेगी। जिस हेतु स्वंयसेवी संस्था को जिला प्रशासन द्वारा लीज पर भूमि उपलब्ध कराई जायेगी । पशुओं हेतु शेड निर्माण, चारा पानी आदि व्यवस्था स्वयंसेवी संस्था द्वारा की जायेगी। जिस हेतु छ0ग0 राज्य गौसेवा आयोग के प्रावधानानुसार राशि जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा द्वारा देय होगा । गौशाला/गौआश्रय में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार न्यूनतम 200 पशु जो कि सड़कों से विस्थापित किये जायेंगे, रखा जाना होगा साथ ही संस्था को अपने व्यय पर इतने ही पशु रखना होगा। गौशाला/गौआश्रय में पशुओं की संपूर्ण देखभाल एवं व्यवस्था संबंधित संस्था की होगी। जो कि पशु उपचार, टीकाकरण एवं संवर्धन हेतु विभाग से सतत संपर्क में रहकर कार्य करेगी। समीक्षा में कार्य संपादन में लापरवाही एवं पशुओं के नुकसान की स्थिति में यथोचित कार्यवाही एवं पंजीयन रद्द किया जायेगा।

## दीपका में कई स्थानों पर लगेगी हाई मास्क लाइट,किया गया भूमि पूजन

दीपका। नगर पालिका परिषद दीपका के विभिन्न वार्डों में चालीस लाख रुपए की लागत से हाई मास्क लाइट लगाने का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्योति नंद दुबे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के चहुमुखी विकास की सराहना की और कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दीवान के प्रयासों से दीपका नगर में भी विकास की रफ्तार तेज हुई है।नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दीवान ने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से दीपका के सभी 21 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी चुनाव से पूर्व सभी बचे हुए विकास कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। कुछ दिन पहले ही दीपका और कई वार्डों में सोलर लाइट और हाई मास्क लाइट की स्थापना की गई है, और आगामी समय में अन्य वार्डों में भी लाइटें लगाई जाएंगी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति ,युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुजीत सिंह, मुकेश जायसवाल, अशोक दुबे, उत्तम कुमार दुबे, रामकुमार कंवर,राम पुकार पंडित, दिनेश अग्रवाल, सुरेश जोशी,समेत विभिन्न वार्डों के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

## सप्तदेव मंदिर में हुई वृंदा पूजा

कोरबा। श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में तुलसी पूजन समारोह का आयोजन किया गया। प्रातः 11 बजे संकीर्तन यात्रा सप्तदेव मंदिर से शुरू होकर शहर भ्रमण करते हुए पुराना बस स्टैंड से पुनः मंदिर आकर संपन्न हुए।सप्तदेव मंदिर में माँ तुलसी की पूजन आरती की गई। भजन कीर्तन ने सभी का मन मोह लिया। समारोह में श्री योग वेदांत समिति के साधक, पूज्य सिंधी समाज के सदस्य सहित द्विज ब्राम्हण, साहू, राजवाड़े समाज जन के अलावा विष्णु, शंकर मिश्रा, अशोक मोदी, भोजराम राजवाड़े, शैलेन्द्र राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को समिति के प्रथम अध्यक्ष अशोक मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि तुलसी पूजन हमें प्रतिदिन करनी चाहिए। इस प्रकार के आयोजन से भावी पीढ़ी पर इसका असर होगा। बच्चे इसके कहत्व को जीवन में उतारेंगे। पाश्चात्य संस्कृति के पीछे न भागकर सनातन संस्कृति के सभी पूजन व त्यौहार को मिलजुलकर मनाएं। भोजराम राजवाड़े ने बताया कि तुलसी एक औषधिय पौधा है। ईश्वर प्रसाद साहू ने सभी को निःशुल्क तुलसी पौधा का वितरण किया। रमेश जांगड़े ने आभार प्रकट किया।

# प्रीमियर लीग: राठौर रॉयल्स ने नगद पुरूस्कार के साथ जीता खिताब

सोमवार को प्रगति नगर के श्रमवीर स्टेडियम में आयोजित दीपका प्रीमियर लीग (DPL) क्रिकेट स्पर्धा के पहले सीजन का भव्य समापन हुआ। टूर्नामेंट में कुल पांच टीमों ने ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से भाग लिया। राठौर रॉयल्स, सर्विका राइडर्स, प्रगति लॉयन्स, आकाश वॉरियर्स और सोनी स्ट्राइकर्स के बीच खेले गए इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए राठौर रॉयल्स ने खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में राठौर रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 159 रन बनाए और सर्विका राइडर्स के सामने 160 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में सर्विका राइडर्स 109 रनों पर सिमट गई। इस प्रकार राठौर रॉयल्स ने यह मुकाबला जीतक1,11,111 की नकद राशि और 1 का खिताब अपने नाम किया। उपविजेता टीम सर्विका राइडर्स को 77,777 की नकद राशि दी गई।

टूर्नामेंट में दुर्गेश साहू को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। अमर पाल ने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और बेस्ट फील्डर का खिताब जीता, जबकि देवा राजपूत सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। अनुज शर्मा को इमर्जिंग प्लेयर, जे.डी. प्रसाद को वेटरन प्लेयर और जितेंद्र साहू को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर का खिताब मिला।

इस आयोजन में अंडर-14 वर्ग का भी मैच खेला गया। प्रगति हंटर और प्रगति पावर के बीच हुए इस रोमांचक मुकाबले में प्रगति पावर ने जीत दर्ज की। प्रीमांशु केवट को बेस्ट बल्लेबाज और गेंदबाज घोषित किया गया, जबकि अंकित मैन ऑफ द मैच और हिमांशु बेस्ट फील्डर रहे।

फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, DPL जैसे आयोजन युवाओं के भीतर खेल भावना विकसित करते हैं और उनकी प्रतिभा को निखारने का काम करते हैं। आयोजन समिति और खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं।विशिष्ट अतिथि तनवीर अहमद ने कहा, इस तरह के टूर्नामेंट खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नई दिशा देने में मददगार साबित होते हैं।मुख्य संरक्षक और आयोजक रोहित राठौर ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीम को सम्मानित करते हुए कहा, हमारा उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। छक्क-1 की सफलता हम सभी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

दीपका प्रीमियर लीग के इस पहले संस्करण ने स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को नई पहचान दिलाई। राठौर रॉयल्स की ऐतिहासिक जीत और इस आयोजन की भव्यता ने इसे दीपका के खेल इतिहास में यादगार बना दिया।

फाइनल मुकाबले में मैच का आंखों देखा हाल आशीष सिंह और मनीष राजपूत ने दर्शको तक पहुंचाया। इस स्पर्धा के पूरे मैच का लाइव प्रसारण भी यूट्यूब के माध्यम से किया जा रहा था। जिसकी सभी ने

# आदेश के बाद भी वापस नहीं लौट रहे अटैचमेंट के शिक्षक

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ व नवागढ़ ब्लाक में अटैचमेंट में पदस्थ शिक्षकों को उनके मूल शाला में वापस करने की मांग की जा रही है लेकिन विभागीय अधिकारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। कई स्कूलों में आदेश देने के बाद भी उन्हें मूल शाला के रिलीव नहीं किया जा रहा है। इसके चलते स्कूलों में अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि जिले के अमूमन हर विकासखंडों में दर्जनों शिक्षक

अटैचमेंट में चल रहे हैं। इसके चलते स्कूलों में अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। पामगढ़ ब्लाक के शिक्षक एलबी सोनम तिवारी जिसकी मूल पदस्थापना मिडिल स्कूल चंडीपारा में है। इनकी अटैचमेंट को समाप्त करने के लिए हेडमास्टर ने बीईओ को पत्र लिखा है। बावजूद उसका अटैचमेंट समाप्त नहीं किया गया है। सूत्रों का कहना है कि सोनम तिवारी को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महामाया पामगढ़ में संलग्न किया गया है। जिसमें हेडमास्टर ने बीईओ को पत्र लिखकर उनकी संलग्नीकरण समाप्त कर उनके मूल शाला में भेजने के लिए आदेशित किया है। बावजूद उनकी वापसी नहीं हो रही है।इसी तरह नवागढ़ ब्लाक के राजकुमार हंसले सहायक शिक्षक एलबी का मूल शाला शासकीय प्राथमिक शाला मूगाभाठा धाराशिव है। उसे डीईओ के आदेश पर शासकीय प्राथमिक शाला चारपारा केरा में संलग्न किया गया था। इस आशय की शिकायत होने पर बीईओ ने उसे 20 दिसंबर 2024 को उन्हें अपने मूल शाला में वापस करने का आदेश दिया है। आदेश मिलने के 10 दिन बाद भी शिक्षक राजकुमार हंसले अपने मूल शाला में ज्वाइनिंग नहीं दे रहा है। इससे मूगाभाठा स्कूल में अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। बीईओ ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि चारापारा केरा स्कूल में अध्यापन कार्य के लिए दो शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। इसलिए हंसले को तत्काल मूल शाला में ज्वाइनिंग दे, इसके बाद भी बीईओ के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

## पैसा नहीं देने पर अवैध शराब बेचने का केस लगाकर भेजा जेल

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर कोतवाली पुलिस के कुछ आरक्षकों द्वारा वसूली की घटना सामने आई है, जहां पुलिस ने एक गरीब कबाड़ी से 50हजार रुपये की मांग की और पैसे न देने पर उसे अवैध शराब बेचने के आरोप में फंसा कर जेल भेज दिया। यह घटना ग्राम बनारी से जुड़ी हुई है, जहां पंचराम धीवर नामक व्यक्ति जो साइकिल पर कबाड़ी का काम करता था, से पुलिस ने पैसे की मांग की। जब उसने पैसे देने से मना किया, तो पुलिस ने उसे शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ग्रामीणों और पंचराम के परिवार वालों का कहना है कि यह आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। पंचराम न तो शराब पीता है और न ही अवैध अवैध शराब बेचता है। वह सिर्फ अपने परिवार का पेट पालने के लिए कबाड़ी का काम करता है और गांव में उसकी छवि एक सीधा-साधा आदमी की है। पुलिस ने उसे झूठे आरोप में फंसा कर जेल भेज दिया। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने जांजगीर के रूप में पदस्थ हुए हैं,तब से पुलिस के व्यवहार में बदलाव आया है। पुलिस की इस बेलगाम कार्रवाई के खिलाफ अब ग्रामीणों ने विधायक के पास अपनी फरियाद पहुंचाई है।

# आनलाइन काम बंद कर पटवारी कर रहे प्रदर्शन, राजस्व कार्य प्रभावित

**जांजगीर-चांपा।** आनलाइन काम बंद कर पटवारियों द्वारा विरोध दर्ज कराया जा रहा है।पटवारियों के आनलाइन काम बंद करने से राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे है। सोमवार को पटवारियों ने काला कपड़ा पहनकर विरोध दर्ज कराया। ब्लाक सहित पूरे प्रदेश में पटवारी अपनी मांगों को लेकर 16 दिसम्बर से ऑनलाइन कामों को बंद कर प्रदर्शन कर रहे हैं। ऑनलाइन वर्क बंद होने से राजस्व संबंधी सभी प्रभावित हो रहे है। नामांतरण, बंटवारा, डिजिटल साइन, ऋण प्रतिवेदन, पुस्तिका में सुधार जैसे काम बंद हैं। सरकारी व्हाट्सएप ग्रुप से भी पटवारी लेफ्ट हो रहे हैं। पटवारियों के ऑनलाइन कार्यों को बहिष्कार करने से रजिस्ट्री के काम में भी प्रभाव पड़ रहा है। किसी भी जमीन की रजिस्ट्री से पहले चौहद्दी के साथ ही उस क्षेत्र के पटवारी का डिजिटल साइन बी-1, पी-2 में होना अनिवार्य होता है। इसके बिना रजिस्ट्री भी प्रभावित रहती है। ऐसे में पटवारियों के हड़ताल से राजस्व सहित आर्थिक रूप से रजिस्ट्री के कामों में भी समस्या उत्पन्न हो रही है। राजस्व संबंधित कार्य लेकर तहसील और हल्का पटवारी के पास पहुंचने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। राजस्व विभाग के पटवारी पिछले 6 महीने से पटवारी कार्यालय में तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन शासन उनके मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में अब पटवारी कार्य पर तो आ रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन संबंधित कार्य नहीं कर रहे हैं। विरोध में सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों और प्रशिक्षण का बहिष्कार कर विरोध जता रहे हैं। दरअसल, वर्तमान में राजस्व संबंधी सभी कार्यों को भुइंया पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया गया है, इसके अलावा अधिकतर कार्य जैसे कृषि संगणना, फसल कटाई प्रयोग भी ऑनलाइन मोबाइल एप अथवा कंप्यूटर के माध्यम से करना होता है। साधन संसाधन नहीं होने से पटवारी काम करने में असमर्थ महसूस कर रहे है। इस संबंध में पटवारी संघ के मालखरौदा ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बनर्जी का कहता है सरकार द्वारा जब तक साधन संसाधन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा तब तक प्रत्येक सोमवार को विरोध स्वरूप सभी पटवारी काला कपड़ा पहन कर ऑफिस में बैठ रहे हैं। साथ ही ऑफलाइन कार्य कर रहे हैं।

# भगवान दास ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**जांजगीर-चांपा।** नगरपालिका जांजगीर नैला में आखिरकार सोमवार को पीआईसी की बैठक आयोजित की गई और दर्जनों विकास कार्यों का भूमिपूजन कर दिया गया। वहीं विपक्ष के लोग देखते रह गए। सीएमओ व नगरपालिका अध्यक्ष के बीच आपसी खींचतान का दौर अभी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। करोड़ों के विकास कार्यों पर विराम लग गया था। क्योंकि पीआईसी की बैठक नहीं हो पा रही थी। हर बार की तरह सोमवार को फिर से पीआईसी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा हुई। चर्चा के बाद विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा हुई और अध्यक्ष ने अपने पीआईसी मेंबरों के बीच विकास कार्यों पर मोहर लगाते हुए नगरपालिका परिषद में ही भूमिपूजन कर दिया। जो शहर में चर्चा का विषय बना रहा। विपक्ष के पदाधिकारी इस कार्य को गलत बताया। विपक्ष का कहना था कि एक ओर देश में सात दिन का राष्ट्रीय शोक चल रहा है। इस दौरान भूमिपूजन गलत है। वहीं जानकारों का कहना था कि भूमिपूजन किया जा सकता है। क्योंकि इसमें किसी तरह का तामझाम नहीं किया जाता। यदि यही कार्य हर्षोल्लास के साथ किया गया होता तो गलत था।

जांजगीर स्थित शारदा मंदिर के पास गांधी भवन है। इस भवन का इस्तेमाल अमूमन सामाजिक कार्यक्रमों के लिए दिया जाता है। जिसे स्थानीय विधायक ब्यास कश्यप ने बतौर किराए के लिए एक हजार रुपए प्रति माह के लिए किराए के रूप में मांग की थी। जिसे पीआईसी में पास कर दिया गया। जिसे विपक्ष ने गलत करार देते हुए इसे मनमानी बताया। नपा उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी ने इस पर आपत्ति जताई लेकिन कांग्रेसी पार्षदों ने इस पर हामी भी भर दी। गोस्वामी ने बताया कि दलगत राजनीति से परे होकर यहां पूरे पांच साल से काम किया जा रहा है।

विडंबना यह है कि मौके पर विपक्ष के सारे के सारे पार्षद मौजूद थे। उनके विरोध के बाद भी इस तरह का आयोजन गलत था। विपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा पार्षद के वार्डों में किए जाने वाले विकास कार्यों को दरकिनार कर दिया गया।

## 11वीं की छात्रा ने जीभ काटकर शिवलिंग पर चढ़ाया

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में 11वीं की छात्रा आरुषि चौहान (16) ने अपनी जीभ को काटकर भगवान शिव को अर्पित कर दिया है। मंदिर परिसर में खून फैला हुआ है। जीभ काटने के बाद छात्रा ने मंदिर में खुद को बंद कर लिया है और साधना करने बैठ गई है। छात्रा ने एक नोट भी लिखा है, जिसमें उसने कहा है कि अगर मैं उठ जाउंगी तो मर्डर हो जाएगा। घरवालों का कहना है कि छात्रा 2 दिनों तक साधना में लीन रहेगी। परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस वालों को मंदिर के अंदर जाने नहीं दिया है। मामला डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम देवरघटा के अचरीपाली का है।

जानकारी अनुसार सोमवार की सुबह 7 बजे छात्रा घर के पास तालाब के किनारे बने भोले बाबा के मंदिर पहुंची। जहां उसने अपनी जीभ काटकर भगवान शंकर को समर्पित कर दिया। छात्रा ने एक पेज में छत्तीसगढ़ी में नोट भी लिखा है, जिसमें कहा है काकरों आवाज नहीं आना चाहिए, गाड़ी या आदमी काकरो नहीं और दूसरे पेज में लिखा कि अगर मैं उठ जहा तो सब के मर्डर हो जाहि, चाहे मोर पापा या मम्मी या कोई अधिकारी समझ में नहीं आ रहा है आप सभी को।घटना की जानकारी पुलिस अधिकारियों को मिली तो वे मौके पर पहुंचे। लेकिन उन्हें मंदिर के अंदर जाने नहीं दिया गया।

# अधिवक्ता संघ के बसंत बने अध्यक्ष तो मुरीतराम सचिव

**अकलतरा।** तहसील अधिवक्ता संघ अकलतरा का चुनाव सोमवार 30 दिसंबर को हुआ। संघ के 95 सदस्यों में से 88 ने मताधिकार का प्रयोग कर अध्यक्ष, सचिव और सहसचिव का चुनाव किया। बसंत कैवर्त्य अध्यक्ष तो मुरीतराम मेहरा सचिव चुने गए। वहीं संतोष मानिकपुरी सहसचिव निर्वाचित हुए।

तहसील अधिवक्ता संघ के निर्वाचन अधिकारी धनराज सिंह चौहान एवं सह निर्वाचन अधिकारी आरपीएस गौतम व एलपी कुर्रे की उपस्थिति में अध्यक्ष, सचिव एवं सह सचिव पद के लिए निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण माहौल में तहसील अधिवक्ता संघ के कार्यालय भवन में संपन्न हुआ। उक्त तीनों पदों के लिए तहसील अधिवक्ता संघ के 95 सदस्यों में से 88 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर बसंत कैवर्त को 45 मत, श्रीमती दिनेश कश्यप को 39 मत एवं मोतीलाल को 6 मत प्राप्त हुए। सचिव पद पर मुरीतराम मेहरा को 45 मत एवं शांतिलाल यादव को 43 मत प्राप्त हुए। सहसचिव पद पर संतोष मानिकपुरी को 55 मत एवं सुखसागर डहरिया को 32 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार बसंत कै वर्त 6 मतों से जीतकर बने एवं मुरीत राम मेहरा 2 मतों से जीत कर सचिव व संतोष मानिकपुरी 22 मतों से जीतकर सहसचिव बने।

उपाध्यक्ष पद पर यज्ञ कुमार साहू, कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश केडिया एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए राजमणि जायसवाल, संजय श्रीवास, जानी वाकर राय, रामचरण मिरें, देवमणि चक्रधारी एवं संजय कुर्रे का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। निर्वाचन के पश्चात निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा विजेता उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र तहसील अधिवक्ता संघ के सदस्यों के द्वारा नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को पुष्पहार से सम्मानित किया गया इस अवसर पर अधिवक्ता उमाशंकर सिंह चौहान, नंद चौधरी, रामसाय मरकाम, नूतन थवाईत, बसुबोध जैन, शशिधर मिश्रा, अमिताभ जैन अविनाश सिंह, राजेंद्र हुरु लक्ष्मीकांत यादव, विजय शर्मा विजय जायसवाल, दिनेश दास आशीष जैन, कमलेश साहू, देवचंद देवांगन शहीद अधिवक्ता बड़ी संख्या उपस्थित थे।



## जिला चिकित्सालय में अब तीन दिन होगी सोनोग्राफी

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा लगातार स्वास्थ्य सुविधा में विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की जा रही है। इसी तारतम्य में कलेक्टर आकाश छिकारा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाती वंदना सिसोदिया के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय जांजगीर में 1 जनवरी से सप्ताह में 3 दिवस प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को गर्भवती माताओं तथा प्रत्येक बुधवार को गर्भवती माताओं के साथ एवं अन्य सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सिविल, सर्जन सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि गर्भवती माताओं के लिए नि:शुल्क सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध होने से उच्च जोखिम वाले गर्भवती माताओं को सही समय पर उपचार के साथ ही साथ उनको आर्थिक दृष्टि से भी लाभ मिलेगा एवं दूर दराज से आई गर्भवती माताओं को सोनोग्राफी के लिए निजी संस्थाओं में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जिला चिकित्सालय में कक्ष क्र.15 मेउपलब्ध है।

## खेत पर मोटर चालू करते समय करंट लगने से युवक की मौत

**जांजगीर-चांपा।** खेत में मोटर पंप चालू करने के दौरान करेंट की



चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है। मामला जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हारडीह का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह निवासी राजेश सिदार उम्र 38 वर्ष रबी फसल के लिए खेत में मोटर पंप चालू कर रहा था। इस दौरान वह करेंट की चपेट में आ गया। परिजनों ने गंभीर हालत में इलाज के लिए उसे जैजैपुर सीएचसी में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गईं।

## छेरछेरा से पहले प्रारंभ हुआ सुआ नृत्य

**बलौदा।** छत्तीसगढ़ का लोक पर्व छेरछेरा के 15 दिन पहले से क्षेत्र में सुवा नृत्य का दौर शुरू हो जाता है। महिलाएं घूम-घूम कर घरों के सामने नृत्य कर रही हैं। यह परंपरा छत्तीसगढ़ के मुख्य उपज धान के कटाई, मिसाई और कोठी में धान को जतन लेने के बाद मनाई जाती है।

## जिला कांग्रेस सेवादल ने डा. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजली



**जांजगीर चांपा।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई के आदेश व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अरुण ताम्रकार के निर्देश व अतिरिक्त मुख्य संगठक संतोष पाण्डेय , मनोज वर्मा महामंत्री प्रशासन के मार्गदर्शन पर जिला कांग्रेस सेवादल जांजगीर चांपा द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर अलग अलग जगहों पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष देवकुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में नवागढ़ ब्लाक अध्यक्ष श्याम साहु व अशोक यादव द्वारा ग्राम पंचायत सलखन एवम पाली में यह आयोजन किया गया। इस दौरान डा. सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच प्रतिनिधि रामकृष्ण कश्यप , भुनेश्वर साहू , हनुमान कश्यप, शिव कश्यप , प्रहलाद कश्यप , वंशी कश्यप , ताराचंद कश्यप , शत्रुहान लाल साहू , मंगतू पटेल , फरीद मोहम्म्मद , हमीद खान , रविशंकर मरकाम सहित अन्य उपस्थित रहे ।

## गाज से मौत, पत्नी को तीन माह के बाद भी नहीं मिला मुआवजा

**पंतोरा।** ग्राम पंचायत का निवासी अंजोरा बाई के पति शिवलाल सारथी की मौत मवेशी को चराते वक्त गाज की चपेट में आने से हो गई थी।

घटना गत 9 सितंबर की दोपहर 2 बजे हुई। उसके मौत के तीन माह बाद भी मुआवजा नहीं मिला है। पत्नी अंजोराबाई का कहना है कि पति की मौत हुए तीन माह से अधिक का वक्त गुजर चुका है, लेकिन अभी तक शासन की ओर से भी प्रकार की सहयोग राशि नहीं मिली है। अपनी जीविका चलाने के लिए मजदूरी करती है। अंजोराबाई का कहना है कि गांव के किसानों के धान की फसल को मवेशी नुकसान पहुंचा रहे थे। उनके पति फसल को नुकसान से बचाने के लिए मवेशियों को चराने का काम करते थे। पति की मौत होने के बाद आर्थिक मदद नहीं मिलने से अंजोरा बाई को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ

**सक्ती।** परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती में चार दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 2024-25 का शुभारंभ दिनांक 30.12.2024 को किया गया। वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरि पटेल (खेल अधिकारी सक्ति) एवं विशिष्ट अतिथि विनोद उरांव (विकास खंड क्रीड़ा प्रभारी सक्ती), स्नेहासिस डे (अध्यक्ष, ज़िला कराते संघ सक्ती) कृष्ण कुमार देवांगन (सचिव, परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति) एवं संस्था प्रमुख एम. विकास देवांगन के द्वारा वीणावादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर, विद्यालय का ध्वजारोहण, राज्य गीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्कूल वार्षिक खेल के अवसर पर विद्यालय परिवार के कक्षा नर्सरी से कक्षा 10 वीं तक के समस्त विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल जैसे - सिम्पल रेस - 100 मी., 200 मी., 400 मी., म्यूजिकल चैयर रेस, बिस्किट रेस, चॉकलेट रेस, बैलून रेस, स्पून रेस, सैक रेस, नीडल-थ्रेड रेस, फ्रॉग रेस, थ्रो एंड हिट कॉम्पिटिशन, कैलिग्राफी कॉम्पिटिशन, लॉन्ग जम्प, गोल फेक, कब्बड्डी, आर्चरी, फुटबॉल, क्रिकेट कॉम्पिटिशन, ड्राइंग कॉम्पिटिशन, रैम्स कॉम्पिटिशन आदि का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि हरि पटेल ने संस्था के समस्त छात्र/छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमारे जीवन में शारिरिक गतिविधियों की पर्याप्त आवश्यकता होती हैं। खेलों में शामिल होने से न केवल हमारा शारिरिक स्वास्थ्य बेहतर होता हैं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बढ़ता हैं। यह हमें अनुशासन, समय प्रबंधन और कड़ी मेहनत करना सिखाता है। विशिष्ट अतिथि विनोद उरांव ने छात्र/छात्राओं को स्नेह देते हुए कहा कि आज हम यहाँ स्कूल खेल दिवस मनाने के लिये एकत्रित हुए हैं। यह दिन हर खेलों के प्रति हमारे समर्पण और भारतीय खेलों में महान खिलाड़ियों को अर्पित करने के लिए मनाया जा रहा है। खेल न केवल बॉडी की फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और टीमवर्क को भी विकसित करता है। यह दिवस हमें अनुशासन, संघर्ष, और समर्पण की महत्वता सिखाते हैं। आज के दिन हमें अपने जीवन में खेलों को एक महत्वपूर्ण स्थान देने का संकल्प लेना चाहिए। देश भर में स्कूल, कॉलेज और विभिन्न संगठन खेल कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं। ये आयोजन टीम वर्क और खेल भावना को बढ़ावा देने के बारे में हैं। आइए, हम सभी मिलकर अपने दैनिक जीवन में खेलों को शामिल करें और नई पीढ़ी को भी खेलों की ओर प्रेरित करें। ततपश्चात अतिथि, विशिष्ट अतिथि, सचिव एवं प्राचार्य के द्वारा खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक/शिक्षिकाएं रेखा देवांगन, माया देवांगन, तारा देवांगन, गरिमा यादव, निकहत खान, शारदा नामदेव, दीक्षा देवांगन, हितेष यादव, लक्ष्मी देवांगन, उषा देवांगन, विनीता निषाद, भुनेश्वरी बरेठ, गौरव यादव, प्रीति यादव, वाणी देवांगन, युक्ति देवांगन, कुसुम देवांगन, चंचल यादव, दिपाली कसेरा, कुंती भार्गव, अनसुइया पटेल, विजय केंवट, पूनम तिवारी, श्रद्धा देवांगन, नम्रता यादव, शाशि यादव, सूरज सोनी, दीपक वैष्णव, प्रियंका यादव, रामेश्वरी सोनी एवं कर्मचारी रमा विश्वकर्मा, मंजू यादव, विनोदनी सोनी एवं संतोष लाल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संदीप देवांगन एवं लक्ष्मी प्रधान के द्वारा किया गया एवं वार्षिक खेल महोत्सव की रूपरेखा स्कूल व्यायाम शिक्षक/शिक्षिका स्वेक्षा रावत, करन यादव, सन्नी उरांव एवं कुन्तला यादव द्वारा तैयार किया गया हैं।

# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी ने डिस्टनेशन पब्लिक स्कूल को हराया



**जांजगीर चांपा।** इंटरस्कूल अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल विरुद्ध डेस्टिनेशन स्कूल में बिच खेला गया। आज के मैच में ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल जीत हासिल की। टीम के कप्तान ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी का निर्णय लिया। जिस ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल ने 60 रन बनाए, मैंने ही अपने 2 विकेट खो दिए, समर 35 रन बनाए या उजैर जो टीम के धाकड़ बल्लेबाज है जल्दी पावेलियम चल दिए जिसके बाद रियान सलामी बल्लेबाज 40 रन का योगदान दिया अर्जुन के साथ मिलकर पार्टनरशिप करके टीम का स्कोर बनाया 120 के पार ले गए .ब्रिलियन पब्लिक स्कूल ने 30 ओवर मी 180 का टारगेट डेस्टिनेशन स्कूल के सामने रखा। डेस्टिनेशन की टीम की शुरुआत अच्छी रही बिना विकेट खो कर तेजी से रन बनाएं लेकिन टीम के गेंदबाज अधिष्ठित या उजैर ने मिल कर अच्छी गेंदबाजी कर विकेट लेकर डेस्टिनेशन स्कूल की टीम को बैकफुट पर ढकेला। साथ ही हिमांशु 1 विकेट, उजैर 3 अधिष्ठ 3 विकेट, प्रियांश 1 विकेट लेकर। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की टीम ने सेमीफाइनल में डेस्टिनेशन स्कूल की टीम को हारा कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। टीम के ओपनर गेंदबाज अधिष्ठित आज के मैच के मैन ऑफ द मैच रहे। टीम के इस बेहतर प्रदर्शन को ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के निदेशक श्री आलोक अग्रवाल और प्रिंसिपल श्रीमती सोनाली सिंह ने प्रशंसा की और सराहा एवं साथ ही पूरी टीम को टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने की शुभकामनाएं दीं।

## श्रीमती सीमा पांडेय दिवंगत

**जांजगीर।** जांजगीर नैला वार्ड क्रमांक 6 बी डी एम नगर निवासी



वरुण पाण्डेय (कराटे मास्टर) की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा पाण्डेय का 50 वर्ष के उम्र में निधन हो गया। जिनकी 30 दिसंबर को अंत्योष्टि रानी तालाब मुक्तिधाम में किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में स्वजातीय बन्धु एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। वह अपने पीछे 3 बच्चे एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
टी.पी.नगर जोन

फा.क्र./312 / निर्माण (टी.पी. नगर)/2024/ — कोरबा, दिनांक 26.12.2024

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैनुवल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि -16.01.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि -16.01.2025 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | पंचवटी विश्राम गृह के पास बगीचे की दीवार और फुटपाथ का मरम्मत एवं रिपेयरिंग कार्य। (मरम्मत एवं संधारण, प्रथम निविदा) | 3,95,500/- | 3,950/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट website :www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
मुख्य कार्यालय - संपदा शाखा, साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
फोन नं. 221288-222672, फैक्स :- 07759-221288, 221929
Website: www.korbamunicipal.in, Email Id-corporationkorba@gmail.com

फा.क्र./15/संपदा/2024 — कोरबा, दिनांक

**नया बस स्टैण्ड कोरबा के ब्लॉक आई हॉल का आबंटन हेतु निविदा आमंत्रण की सूचना**

नया बस स्टैण्ड कोरबा के ब्लॉक आई हॉल, क्षेत्रफल 1704 वर्गफीट के नियमित रूप से रख-रखाव के साथ-साथ संचालन हेतु जन सामान्य/विभिन्न संस्थाओं/शासकीय व अर्द्धशासकीय विभागों तथा व्यक्ति से, मासिक किरायेदारी पर आबंटन शर्तों के तहत 03 वर्ष की किरायेदारी पर उपलब्ध कराने हेतु राशि रूपये 11,000/- (ग्यारह हजार रूपये) पर उच्चतम मासिक किराये ऑफर की निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा हेतु इच्छुक संस्था/फर्म/विभाग/व्यक्ति राशि रूपये 1,75,800/- (एक लाख पचहत्तर हजार आठ सौ रूपये) का रसीद की प्रतिलिपि संलग्न करते हुए दिनांक 24.01.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक निविदा ऑफर बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं, निविदा उसी दिनांक को उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष सायं 4.00 बजे खोली जावेगी।

निविदाकर्ता निविदा के 01 दिवस पूर्व अर्थात दिनांक 23.01.25 तक निविदा प्रपत्र 1,000/- (एक हजार रूपये) शुल्क जमाकर कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त कर सकते है तथा सुरक्षा राशि रूपये 1,75,800/- (एक लाख पचहत्तर हजार आठ सौ रूपये) डी.डी./बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कर निविदा में भाग ले सकते हैं। स्वीमिंग पुल के 03 वर्ष की लीज पर आबंटन हेतु निर्धारित शर्तों का विवरण निगम की वेबसाईड www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा के संपदा शाखा (दुकान) से ली जा सकती है।

नोट :-
01. संलग्न शर्ते किरायेदारी निविदा का अंग माना जावेगा।
02. सुरक्षा राशि जमा रसीद की प्रतिलिपि निविदा प्रपत्र के साथ अनिवार्य रूप से जमा करना होगा तथा उक्त रसीद क्रमांक व दिनांक का उल्लेख निविदा प्रपत्र की लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।

संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)



**न्यायालय तहसीलदार बाराद्वार**
**जिला- सक्ती (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.अ-2/2024-25
ग्राम- नया बाराद्वार, प.ह.नं.-11

आशीष कुमार अग्रवाल पिता पुरूषोत्तम अग्रवाल निवासी ग्राम नया बाराद्वार, तहसील बाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.) - आवेदक
**बनाम**
छ.ग.शासन ........................ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण निवासी ग्राम नया बाराद्वार, प.ह.नं.11 तह.-बाराद्वार को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आशीष कुमार अग्रवाल पिता श्री पुरूषोत्तम अग्रवाल निवासी नया बाराद्वार, तहसील बाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं.11 ग्राम नया बाराद्वार स्थित भूमि ख.नं.604/26 एवं 604/30 रकबा क्रमशः 0.012 हे. एवं 0.007 हे. भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.)सक्ती को प्रस्तुत किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति करना है वह स्वयं या अपने वैध अभिभावक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई तिथि 14.01.2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.12.2024 को मेरे शील मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) तहसीलदार
जिला-सक्ती (छ.ग.)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/दण्डाधिकारी कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.अ-2/2024-25
ग्राम- लाटा, तहसील-दर्री
जिला-कोरबा (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित आम जनता/संस्थान को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संगीता राठौर पति देवेन्द्र राठौर, जाति-तेली, निवासी ग्राम-लाटा, तहसील-दर्री, जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम लाटा, प.ह.नं. 26, तहसील दर्री, जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 44/8 रकबा 0.021 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार आपत्ति हो तो दिनांक 10.01.2025 को स्वयं या अपने अभिभशक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। म्याद बाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुहर से जारी किया गया।

(सील) सक्षम प्राधिकारी
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कटघोरा

## अनमोल वचन......

**कल को किसने देखा जो आज है उसको तो अच्छे से जी लो ।**

## विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी

संकेत साफ है। श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्ट्रपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। दिसानायके ने यह दो टूक भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनूरा कुमारा दिसानायके की यात्रा से भारत को दो आश्वासन मिले। पहला तो यही कि दिसानायके ने राष्ट्रपति के रूप में अपनी विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना।

नई दिल्ली में उसका मतलब यह समझा गया है कि श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्ट्रपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। फिर दिसानायके ने भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। मतलब यह समझा गया कि चीनी खोजी एवं अन्य जहाजों को श्रीलंका में लंगर डालने की अनुमति दी भी गई, तो श्रीलंका सरकार सुनिश्चित करेगी कि वे वहां से भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाली किसी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे।

दिसानायके अगले महीने चीन जाने वाले हैं। चूंकि भारत में पड़ोसी देशों के चीन से संबंध को लेकर एक खास तरह की संवेदनशीलता रहती है, इसलिए निश्चित रूप से यहां के कूटनीतिकों की नजर उस यात्रा पर रहेगी।

फिलहाल, यह साफ हुआ है कि श्रीलंका की नई सरकार की अपनी प्राथमिकताएं हैं। 2022 में जिस आर्थिक संकट में देश फंसा था, उसके असर से आज भी नहीं उबर पाया है। ऊपर से आईएमएफ से लिए गए कर्ज की शर्तों ने सरकार के लिए नई चुनौतियां खड़ी की हैं। ऐसे में भारत जैसे बड़े पड़ोसी देश के साथ किसी विवाद में उलझने का जोखिम वहां की सरकार शायद ही उठा सकती है। मगर वह चीन की उपेक्षा करने की स्थिति में भी नहीं है, जिसका बहुत भारी निवेश श्रीलंका में है। संकेत यह है कि दिशानायके इन दोनों बड़े देशों की संवेदनशीलताओं का ख्याल करते हुए फिलहाल दोनों से सद्भावपूर्ण संबंध को प्राथमिकता दे रहे हैं। नई दिल्ली में यह संदेश देने के बाद उनकी कोशिश बीजिंग में भी ऐसा ही पैगाम देने की होगी। बहरहाल, भारत यात्रा के दौरान, जैसाकि अक्सर शिखर नेताओं की यात्रा के समय होता है, कुछ महत्तवपूर्ण व्यापार एवं रक्षा समझौते भी हुए। इनसे भी सकारात्मक प्रभाव पैदा हुआ है। भारत के लिए अच्छी बात है कि जिस समय विभिन्न पड़ोसी देशों से चुनौती भरे संकेत आ रहे हैं, श्रीलंका ने उसे आश्वस्त किया है।

## राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनाये रखेगा, साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। आज आपके विरोधी आपसे काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा, ट्रान्सफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी।

वृष राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में भाग-दौड करेंगे। इस राशि के छात्र जो किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द सफलता मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

मिथुन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा, इससे आपको बेहद खुशी मिलेगी। नया समान लेने का भी मन बनायेंगे। आज बच्चे अपने किसी निर्णय में आपकी सलाह लेंगे। आज ऑफिस के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। स्वास्थ्य के नजरिये से आज का दिन अच्छा रहेगा।

कर्क राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। आप अपने व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, उनके साथ खूब इंजॉय करेंगे। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। शिक्षकों के ट्रान्सफर की परेशानियां खत्म होंगी।

सिंह राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते है। आज आपका मन किसी रचनात्मक कार्य में लगेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होने वाला है। साथ ही आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज परिवार के लोगों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जाएंगे।

कन्या राशि-आज आपका दिन नई उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी उलझन में पड़े लोग, आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को आज तरक्की के अवसर मिलेंगे। आपकी बात करने की कला से लोग प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के चांसेस बढ़ेंगे। परिवार में एक दूसरे को समझकर आगे बढ़ेंगे।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे, उनके मन की बातों को समझेंगे। आज बाहर के ऑयली खाने को जहां तक हो सके अवॉयड करें। आज बिना किसी के मदद के भी आप धन कमा पानेस में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी। छात्रों का आज पढ़ाई में मन लगेगा। साथ ही किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। अपने रुके कार्य को पूरी मेहनत से आज पूरा कर लेंगे। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र बढ़ेगा, साथ ही बच्चों के साथ पिकनिक का प्रोग्राम बना सकते हैं।

धनु राशि-आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को अन्य लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। अपने बिजी दिन में कुछ समय अपने लिए निकालेंगे, उस समय में आप अपना पसंदीदा कार्य करेंगे। आज आप अपने बच्चों को लेकर शॉपिंग मॉल जाएंगे, जहां बच्चे काफी खुश नजर आएंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। अपनी क्षमताओं को पहचाने क्योंकि आपके अंदर ताकत की नहीं बल्कि इच्छाशक्ति की कमी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स को प्रमोशन के अच्छे चांस मिलेंगे। आज बेटी के परीक्षा का अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आपको किसी रिश्तेदार को दिया धन वापस मिल जायेगा।

कुंभ राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए है, जिससे पूरे दिन आप खुश रहेंगे। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे, किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें। आज आपकी कोशिशें कामयाब होंगी। आज आप पिता द्वारा दी गयी जिम्मेदारियां निभाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। आज व्यापार में स्थिति अनुकूल बनी रहेगी।

मीन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में मधुरता आएगी, जिससे लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के स्रोत मिलेंगे। आज बुजुर्गों की सलाह से रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा।

# कल को किसने देखा जो आज है उसको तो अच्छे से जी लो.....

//हरिशंकर व्यास//

**शीर्षक चौंका सकता है। पर जरा समकालीन भारत अनुभवों और उनकी दिशा में झांके तो अगले बीस-पच्चीस वर्षों की क्या भारत संभावना दिखेगी। भारत पिछले दस वर्षों की विरासत में कदम उठाता हुआ होगा। इस विरासत का मंत्र और अनुभव बुद्धि नहीं लाठी है। हार्वर्ड नहीं हार्डवर्क है। सत्य नहीं झूठ है। सौम्यता नहीं अहंकार है। विनम्रता नहीं निष्ठुरता है। कानून नहीं बुलडोजर है। मान मर्यादा नहीं लंगूरपना है। विचार और बहस नहीं गाली तथा ट्रोल है। तर्क नहीं है लाठी है। प्रबुद्धता नहीं मूर्खता है। चाल, चेहरा, चरित्र नहीं, बल्कि अकड़, लालच और कदाचार है। इस तरह का निष्कर्ष 2014 के समय में अकल्पनीय था। तब अन्ना हजारे, रामदेव, अरविंद केजरीवाल, नरेंद्र मोदी के हुंकारों, आंदोलनों के उमड़े जन सैलाबों की तलहटी में सत्य छुपा हुआ था। अज्ञात था। ऐसा होना हम हिंदुओं की नियति से है। हिंदुओं का भाग्य है जो वह गांधी के पीछे चले या अन्ना हजारे के या हाथ में कमल ले कर चले या झाड़ू, उसे वहीं झूठा अवतार मिलता है जो उसकी कलियुगी नियति है।**

उस नाते डॉ. मनमोहन सिंह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अपवाद थे। वे अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिनकी शख्सियत ने झूठ, फरेब से लोगों का बहकाने, लोगों में जादू बनाने, दैवीय अवतार की इमेज बनाने, लोगों को डराने धमकाने या उनके वोट खरीदने जैसा वह कोई छल नहीं किया, वह राजनीति नहीं की जो आजाद भारत की राजनीति का ट्रेंडमार्क है। बावजूद इसके वे भारत के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री थे। उसी के कर्म फल में वैश्विक बिरादरी तक ने, उन्हे स्मरण करते हुए एक युगांतरकारी, बुद्धिमान, समझदार, सौम्य और श्रेष्ठ प्रधानमंत्री की सच्ची भाव भंगिमा में श्रद्धांजलि दी है।

यह वस्तुनिष्ठ श्रद्धांजलि पिछले दस वर्षों के नरेंद्र मोदी, अरविंद केजरीवाल के शासन अनुभवों के परिप्रेक्ष्य में, समकालीन अनुभवों के संदर्भ तथा भारत की भावी दिशा के भान से भी है। इतिहास की कसौटी है जो घटना और नेतृत्व का मूल्यांकन पचास साल बाद किया जाता है। कोई युद्ध हुआ, राजा या प्रधानमंत्री मरा तो उसके बाद के अनुभवों, प्रभावों के पच्चीस-पचास साल बाद ही इतिहास फैसला लेता है कि नेहरू ने भारत बनाया था या बिगाड़ा था। नेहरू के आइडिया ऑफ इंडिया और उसकी विरासत के प्रधानमंत्री और राजनीति देश हित में थी या देश को बरबादी की और ले जाने वाली।

डॉ. मनमोहन सिंह की शख्सियत कर्तव्यनिष्ठ थी। इतिहास निरपेक्ष थी। शासन के आखिर में जरूर उन्होंने अन्ना हजारे-केजरीवाल-मोदी के भूचालों में अपने मुंह से यह बोला था, उम्मीद जताई थी कि इतिहास उनके प्रति दयालु होगा!

और मेरी राय में उनका इतिहास भारत के आखिरी बुद्धिमान, उम्दा प्रधानमंत्री के नाते अमिट है। एक अच्छे', भले' और नेक' प्रधानमंत्री। और सोचें, इन तीन शब्दों से अधिक मनुष्यों के बीच मनुष्य को और क्या पुण्यता चाहिए!

मैंने बतौर पत्रकार उनके प्रधानमंत्री रहते उनकी आलोचना की है तो उनकी प्रशंसा भी की। तारीफ खासकर तब जब डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका के साथ एटमी करार के लिए अपनी सरकार दांव पर लगाई थी। जिस वाम मोर्चे पर मनमोहन सरकार टिकी थी उसके घोर विरोध, सीपीएम नेता प्रकाश करात द्वारा सैद्धांतिक आधार पर वैयक्तिक प्रतिष्ठा दांव पर लगाने तथा वामपंथी पत्रकारों की चिल्लपों, सोनिया गांधी व अहमद पटेल की चिंताओं के बावजूद मनमोहन सिंह ने एटमी करार किया। भारत का वैश्विक अछूतपन मिटाया। वह फैसला देश की सामरिक चिंता, सुरक्षा, भू राजनीति और वैश्विक जमात में भारत के स्थान के खातिर वैसा ही दुस्साहसी फैसला था जैसा मनमोहन सिंह का प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की कमान में वित्त नीति में परिवर्तनों का था।

मेरा पीवी नरसिंह राव के समय से ऑब्जर्वेशन रहा है कि मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री बनने के बाद भी कभी यह नहीं कहा कि उनके कारण आर्थिक सुधार और उदारवाद आया। वे कभी अहंकार में या अनजाने में भी यह नहीं बोले कि मैंने, या मेरे कारण भारत के उदारवादी निर्णय हुए। इसलिए क्योंकि वे पीवी नरसिंह राव की बुद्धिमत्ता, दूरदृष्टि और समझदारी के कायल थे। मेरा डॉ. मनमोहन सिंह से कभी नाता नहीं रहा लेकिन मैं पीवी नरसिंह राव, प्रधानमंत्री दफ्तर संभालने वाले भुवनेश चतुर्वेदी, पीवीआरके प्रसाद और इनके घेरे को गहराई से जानता था इसलिए प्रत्यक्ष प्रमाण में सामने था कि कैसे राजनीतिक दबावों, कैबिनेट के भीतर की चुनौतियों और दस, जनपथ की चिंताओं के बीच प्रधानमंत्री के कवच से डा. मनमोहन सिंह ने पहला साहसी बजट पेश किया। कैसे खुद प्रधानमंत्री ने स्वंय उद्योग मंत्रालय संभालते हुए लाइसेंस, परमिट राज को खत्म करने की घोषणाएं कीं! वह मौनी बाबा की मौन क्रांति थी। तभी स्वतंत्र भारत के इतिहास का सत्य है कि बुद्धि, विवेक और समझदारी के प्रतिमान पीवी नरसिंह राव ने उबलते पंजाब, बागी कश्मीर तथा अराजक उत्तर-पूर्व को सामान्य बनाया तो बाबरी मस्जिद के ध्वंस को भी विवेक से सहा। दिलचस्प संयोग है कि पीवी नरसिंह राव ने पांच साल के आखिर में तथा मनमोहन सिंह ने दस साल शासन के आखिर में, दोनों ने एक जैसे बवंडरों का सामना किया। बावजूद इसके इतिहास दोनों के प्रति दयालु है। दुनिया में यदि भारत के वित्तीय, आर्थिक, सामरिक तथा कूटनीतिक प्रतिमानों में किसी को याद किया जाता है तो उनमें भारतीय नाम पीवी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह के हैं।

अद्भुत है! स्मृति पर जोर डालें। याद करें पीवी नरसिंह राव, के खिलाफ अर्जुन सिंह, फोतेदार, नटवर सिंह, नारायण दत्त तिवारी सहित कांग्रेस के तमाम दरबारियों, वामपंथी-सेकुलर आलोचकों से लेकर हर्षद मेहता, जेठमलानी, अचार कारोबारी लक्खू भाई और विश्वासघाती सीताराम केसरी जैसे चेहरों के बनाए झूठे बवंडर को। सभी को इतिहास मिट्टी की धूल सा मिटा चुका है। और इतिहास में कीर्ति अंकित है तो वह नरसिंह राव की है। ऐसे ही याद करें, मनमोहन सिंह के खिलाफ बवंडर पैदा करने वाले विनोद राय, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, अन्ना हजारे, रामदेव, अरविंद केजरीवाल, नरेंद्र मोदी एंड पार्टी को! क्या इनमें से कोई एक भी सच्चा साबित हुआ। जो लोग नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल को भगवान, अवतार, मसीहा मानते हैं, उन्हें और उनकी भावना को दरकिनार करके सोचें तो मनमोहन सिंह ने मनुष्य रूप में दस वर्ष भारत का जो शासन किया वह किस कसौटी पर बुरा था। क्या वे भ्रष्ट प्रमाणित हैं। क्या पूंजीवाद और उदारवाद के आस्थावान डॉ. मनमोहन सिंह पर ये आरोप हैं कि उनकी बदौलत गौतम अडानी जैसे किसी क्रोनी पूंजीपति ने भारत को चूना लगाया। दुनिया में भारत को बदनाम बनाया।

ये बातें देश की एकता-अखंडता, इतिहास के मायनों में क्षणिक और बेमानी हैं। इसलिए अहम बात भारत के आखिरी बुद्धिवान, उम्दा प्रधानमंत्री' का शीर्षक है। क्यों कर ऐसा माना जाए। जवाब पर यह विचार करें कि नरेंद्र मोदी का अब तक का शासन वतर्मान और भविष्य का क्या रास्ता बनाए हुए है। जाहिर है नेहरू के आइडिया ऑफ इंडिया, नेहरू-गांधी परिवार के खूंटे के आइडिया से अलग एक भारत। अर्थात उस हिंदू आइडिया ऑफ इंडिया का भारत, जिसका खूंटा संघ परिवार है। मान सकते हैं समकालीन भारत दो खूंटों की नियति लिए हुए है। स्वतंत्रता के बाद कोई साठ साल भारत गांधी-नेहरू परिवार के खूंटे से चला। अब समय संघ परिवार के खूंटे का है।

और नरेंद्र मोदी के अवतार से हिंदू क्योंकि कथित तौर पर जागे हैं और वे देश और अपनी सुरक्षा में मुसलमान को चिन्हित किए हुए हैं तो जाहिर है उनकी प्राथमिक आवश्यकता क्या है। छप्पन इंची छाती का निरंतर नेतृत्व। इसलिए नरेंद्र मोदी की विरासत में आगे की राजनीति के चेहरों में अमित शाह हों या योगी आदित्यनाथ या हिमंता बिस्वा या देवेंद्र फडनवीस, छप्पन इंची छाती के नेतृत्व, राजनीति और व्यवस्था की आवश्यकता स्थायी है। दूसरे शब्दों में भारत का गवर्नेंस शक्ति, वाक् शक्ति, भय बिन होय न प्रीत के लाठी दर्शन से ही चलेगा। शत्रु क्योंकि इतिहास और मुसलमान है तो पानीपत की लड़ाई का सिनेरियो भी तय है। तभी नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ आदि का भारत जब भविष्य में हर जिले में एक हिंदुस्तान और एक पाकिस्तान लिए हुए होगा तो कल्पना संभव भी है कि दिल्ली के तख्त को कभी बुद्धिमत्तापूर्ण, विवेकी, समझदार, सौम्य शख्सियत के बैठने का गौरव प्राप्त हो। और हां, यह भी जान लेना चाहिए कि संघ के खूंटे के समानांतर अब जो गांधी-नेहरू-सेकुलर खूंटा है वह खरबूजे को देख खरबूजे जैसी राजनीति करते हुए है। इसलिए सार्वजनिक जीवन और राजनीति में बुद्धि, विचार, बहस, विवेक, सौम्यता, भद्रता, अच्छापन, पढ़ाई-लिखाई आदि का अर्थ ही नहीं है। भारत अब वह बीहड़ है जिसमें मनमोहन सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी, पीवी नरसिंह राव जैसी शख्सियतों की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए फिर नोट करें डॉ. मनमोहन सिंहः भारत के आखिरी बुद्धिमान और उम्दा प्रधानमंत्री!

# दक्षेस से भारत को सतर्क रहने की जरूरत

//डॉ. ब्रह्मदीप अलूने//

**महाशक्तियों की राजनीतिक और आर्थिक महत्त्वाकांक्षाओं ने तीसरी दुनिया के उभरने की संभावनाओं को सुनियोजित तरीके से खत्म कर दिया है। इसका प्रतिबिंब है दक्षिण एशिया और इन देशों का क्षेत्रीय संगठन दक्षेस जिसे सार्क भी कहा जाता है। अमेरिकी प्रभाव में पाकिस्तान की जमीन का सैन्य कार्यों के लिए उपयोग और नेपाल के आधे-अधूरे लोकतंत्र पर चीनी कम्युनिज्म की काली छाया के चलते दक्षिण एशिया के देशों को एकजुट रखने का ख्वाब कई दशकों पहले ही टूट चूका है। इस क्षेत्र में विभिन्न देशों के बीच राजनीतिक मुद्दों पर गहरे तनाव बढ़े हैं तथा सांस्कृतिक टकराव की स्थितियां भी निर्मित हो गई है।**

इन जटिल स्थितियों ने सबसे ज्यादा चोट दक्षेस की स्थापना को पहुंचाई है जिसका उद्देश्य दक्षिण एशिया को एकजुट करना और इसके देशों के बीच समृद्धि, विकास और शांति को बढ़ावा देना बताया जाता था। हाल ही में बांग्लादेश और पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष किसी तीसरे देश में मिले और उनके बीच सार्क को पुनर्जीवित करने पर बात हुई तो इसमें संभावनाएं कम और मनोवैज्ञानिक दबाव की कूटनीति ज्यादा नजर आई। दरअसल, बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत के इस पड़ोसी देश की राजनीतिक परिस्थितियों में भी भारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। लंबे समय से सत्ता पर काबिज शेख हसीना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन देश में राजनीतिक परिवर्तन के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन बाद में कट्टरपंथी शक्तियों के प्रभाव में अब यह भारत विरोध के आंदोलन में परिवर्तित हो गया है।

बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस की पाकिस्तान के साथ राजनीतिक मुद्दों पर समाधान की जल्दबाजी की कोशिशों में सकारात्मक पहल से ज्यादा भारत पर मनौवैज्ञानिक दबाव बनाने की कूटनीति ज्यादा नजर आ रही है और इसकी छाया दक्षिण एशिया के देशों के बीच आपसी सहयोग की संभावनाओं को पूरी तरह खत्म कर सकती है। सार्क में आठ देश भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव और अफगानिस्तान शामिल है। 8 दिसम्बर 1985 को काठमांडू, नेपाल से शुरू हुए इस क्षेत्रीय संगठन को तीसरी दुनिया के हितों के संरक्षण के लिए उम्मीदों के तौर पर देखा गया था और यह विश्वास किया गया था कि यह एक साझी आवाज होगी जिससे इन देशों को वैश्विक मंच पर अपने मुद्दों को उठाने में मदद मिल सके। दक्षेस का पहला शिखर सम्मेलन 1985 में आयोजित हुआ था और इसके बाद से यह संगठन तमाम विरोधाभासों के बाद भी विभिन्न देशों के नेताओं की बैठकें आयोजित करता रहा है। यह संगठन क्षेत्रीय संघर्ष, आतंकवाद, नशीले पदाथरे की तस्करी और सीमा विवादों के समाधान के संभावनाओं पर भी काम करता है। दक्षिण एशिया दुनिया की सबसे पुरानी ज्ञात सभ्यताओं में से एक सिंधु सभ्यता का घर है और दुनिया की सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। जातीय, भाषाई और राजनीतिक विखंडन के इतिहास के बावजूद, इस क्षेत्र के लोग एक समान सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टिकोण से एकजुट माने जाते हैं।

वैश्विक भुखमरी सूचकांक की एक रिपोर्ट में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका की स्थिति बेहद निम्नतम बताई गई है। जलवायु परिवर्तन और कोविड महामारी से भुखमरी का संकट तो बढ़ा ही है साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की समस्याएं भी विकराल हो गई है। दक्षिण एशिया के कई देश राजनीतिक उथल-पुथल के शिकार रहे हैं और भारत को छोड़कर अन्य देशों में अस्थिरता का अंदेशा बना रहता है। दक्षेस की स्थापना का उद्देश्य दक्षिण एशिया में आपसी सहयोग से शांति और प्रगति हासिल करना बताया गया था, लेकिन विभिन्न देशों के बीच विवाद इस पर पूरी तरह हावी रहे और इसी का परिणाम है कि दुनिया की बड़ी आबादी वाला यह संगठन आर्थिक समस्याओं का समाधान करने में विफल रहा है। चीन जैसी विदेशी संस्थाओं पर बहुत अधिक निर्भरता ने पाकिस्तान को आर्थिक रूप से कमजोर बना दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि पाकिस्तान के पास अपने आयात बिलों का भुगतान करने के लिए कोई विदेशी जमा पूंजी शेष नहीं बची है। नेपाल और श्रीलंका की भी कुछ यही स्थिति है। दक्षिण एशिया में अफगानिस्तान का मानवीय संकट बेहद गंभीर अवस्था में पहुंच गया है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद देश गरीबी से बेहाल है।

यहां दो करोड़ से ज्यादा लोगों पर भुखमरी का संकट गहरा रहा है और लोगों की जिंदगी मुश्किल में है। तालिबान के आने के बाद वैश्विक आर्थिक मदद बंद हो गई है और अमेरिका ने उस पर कई प्रतिबंध भी लगा दिए हैं। अफग़ान सरकार की संपत्ति,केंद्रीय बैंक का रिज़र्व सब फ्रीज़ कर दिया गया है। प्रतिबंधों के कारण वहां की अर्थव्यवस्था लडखड़ा गई है। मालदीव,बंगलादेश औए श्रीलंका चीन की कर्ज नीति के जाल में पूरी तरह फंस चूके है। दक्षिण एशिया की बहुसांस्कृतिक पहचान है और सभी देशों को अप्रिय स्थिति उत्पन्न न होने देने के लिए सतर्क रहने की जरूरत होती है। इस समय आवश्यकता इस बात की है कि दक्षेस के देश आपसी व्यापार और सम्बन्धों को बेहतर करके आपसी सहयोग को बढ़ाएं।

चीन जैसे देश का हस्तक्षेप दक्षिण एशिया के देशों के लिए घातक साबित हो रहा है। बांग्लादेश और पाकिस्तान दक्षिण एशिया में भारत के विकल्प के तौर पर चीन को प्रस्तुत करना चाहते है। इस क्षेत्र में चीन के लिए युआन को मजबूत करने के गहरे अवसर भी है। युआन कूटनीति में अधिनायकवाद, साम्यवादी आक्रामकता और मानवाधिकारों की अनदेखी शामिल है। राजनीतिक अस्थिरता से अभिशिप्त दक्षिण एशिया में चीनी प्रभाव पृथकतावाद को बढ़ावा दे रहा है और कई देशों की संप्रभुता को भी खतरे में डाल रहा है। भारत पर सामरिक दबाव बढ़ाने के लिए चीन ने भारत के पड़ोसी देशों में सहायता की कूटनीति से अपना प्रभाव बढ़ाया है। अब दक्षेस पर उसकी नजर है। दक्षेस में कभी भारत की राजनीतिक हैसियत बहुत मजबूत हुआ करती थी, लेकिन अब स्थितियां बदल चुकी है।

## तस्वीरों की दुनिया



अखिल भारतीय छात्र संघ के सदस्यों ने पटना में 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) 2024 को रद्द करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे नगर निगम के पहले महापौर और वरिष्ठ शिवसेना नेता सतीश प्रधान को मुंबई में श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनका वृद्धावस्था के कारण निधन हो गया था।



मेजर जनरल मनोज तिवारी ने देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की।



पटना में कथित अनियमितताओं के कारण 70वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा की पुनः परीक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को रोकने की कोशिश करते पुलिसकर्मी।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने अन्ना विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न की घटना से निपटने के तमिलनाडु सरकार के तरीके के खिलाफ नई दिल्ली में तमिलनाडु भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

# मिशन के साथ भारत ने फिर किया कमाल, 7 जनवरी को दोनों स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में जोड़ेगा ISRO

**श्रीहरिकोटा, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

स्पैडेक्स मिशन के साथ भारत ने फिर कमाल कर दिया है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सोमवार रात 10 बजे 44.5 मीटर लंबे ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) -सी60 रॉकेट ने दो छोटे अंतरिक्षयानों चेजर और टारगेट के साथ सफलता की उड़ान भरी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कहा, दोनों अंतरिक्षयान सफलतापूर्वक अलग हो गए हैं। चेजर ओर टारगेट को कक्षा में स्थापित कर दिया गया।मिशन निदेशक एम. जयकुमार ने कहा कि मिशन सफल रहा। इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने कहा, रॉकेट ने 15 मिनट की उड़ान के बाद अंतरिक्षयानों को 475 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में स्थापित कर दिया है। उम्मीद है कि डॉकिंग प्रक्रि या अगले एक सप्ताह में संभवतः सात जनवरी को पूरी हो जाएगी। स्पैडेक्स मिशन के साथ ही भारत डॉकिंग और अनडॉकिंग क्षमता प्रदर्शित करने वाला चौथा देश बनेगा। इस समय दुनिया में सिर्फ तीन देश- अमेरिका, रूस और चीन अंतरिक्षयान को अंतरिक्ष में डॉक करने में सक्षम हैं। अंतरिक्षयान से दूसरे अंतरिक्षयान के जुड़ने को डॉकिंग और अंतरिक्ष में जुड़े दो अंतरिक्ष यानों के अलग होने को अनडॉकिंग कहते हैं। इसरो ने इस साल की शुरुआत अंतरिक्ष में एक्सरे किरणों का अध्ययन करने



वाले मिशन एक्सपोसेट की लॉचिंग के साथ की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य में कामयाबी हासिल की। अब वर्ष का अंत भी भारत ने ऐसे मिशन की लॉचिंग के साथ किया जो अंतरिक्ष में देश के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को अपने बलबूते हासिल करने के लिए बेहद जरूरी है।इन लक्ष्यों में चंद्रमा से नमूने लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएसएस) का निर्माण शामिल है। विज्ञानियों के अनुसार दोनों अंतरिक्षयान समान गति और दूरी से यात्रा करने के बाद लगभग 470 किमी की ऊंचाई पर साथ जुड़ जाएंगे। आने वाले दिनों में दोनों अंतरिक्षयानों के बीच की दूरी को कम करके उन्हें मिलाने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि लॉचिंग पहले रात 9.58 बजे निर्धारित थी। लॉचिंग को दो मिनट के लिए क्यों टाला गया यह जानकारी नहीं दी गई है। लांचिंग के लिए 25 घंटे की उल्टी गिनती रविवार रात नौ बजे शुरू हुई थी।

यह भविष्य के मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए महत्वपूर्ण तकनीक- अंतरिक्ष में डाकिंग के लिए यह किफायती प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन- चंद्रमा पर इंसान को भेजने, चांद से नमूने लाने के लिए आवश्यक - भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और संचालन में भी होंगे आत्मनिर्भर- इसरो की 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना- किसी मिशन के लिए एक से अधिक राकेट लांच करने पर भी होगी इस तकनीक की जरूरतदो अंतरिक्षयान एसडीएक्स01 (चेजर) और अंतरिक्षयान एसडीएक्स02 (टारगेट) को ऐसी कक्षा में रखा जाएगा जो उन्हें एक दूसरे से पांच किमी दूर रखेगी। बाद में इसरो मुख्यालय के विज्ञानी दोनों अंतरिक्षयानों को नजदीक लाकर पृथ्वी से लगभग 470 किमी की ऊंचाई पर जोड़ेंगे।दोनों अंतरिक्षयानों में हैं पेलोड। दोनों अंतरिक्षयानों का वजन 220-220 किलोग्राम है। एसडीएक्स 01 में हाई रिजाल्यूशन कैमरा लगा है। एसडीएक्स 02 में दो पेलोड मिनिएचर मल्टीस्पेक्ट्रल पेलोड और रेडिएशन मानिटर पेलोड लगे है।

# 1 अप्रैल 2025 से लागू हो जाएगी नई व्यवस्था ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर में नहीं होगी गड़बड़ी



**मुंबई।** उपभोक्ताओं को वित्तीय धोखाधड़ी से बचाने के लिए आरबीआई ने एक अहम पहल की है। अभी तक आरटीजीएस और एनईएफटी के जरिये पैसे ट्रांसफर करते समय अकाउंट नंबर और लाभार्थी का नाम स्वयं डालना पड़ता था, लेकिन अब एक अप्रैल से अकाउंट नंबर डालते ही लाभार्थी का नाम दिखने लगेगा। केंद्रीय बैंक ने इस संबंध में एक प्रणाली विकसित करने के लिए नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन आफ इंडिया (एनपीसीआई) से कहा है। साथ ही इसमें सभी बैंकों को शामिल करने की सलाह दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में आरबीआई से आरटीजीएस और एनईएफटी भुगतान तरीकों में लाभार्थी के नाम को सत्यापित करने की व्यवस्था जल्द लागू करने के लिए कहा था। आरबीआई ने सोमवार को एक सर्कुलर में कहा, सभी बैंक जो रियल टाइम ग्रास सेटलमेंट (आरटीजीएस) सिस्टम और नेशनल इलेक्ट्रानिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) सिस्टम के प्रत्यक्ष सदस्य या उप-सदस्य हैं, उन्हें एक अप्रैल, 2025 से पहले यह सुविधा ग्राहकों को देने की सलाह दी जाती है। अभी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और इमीडिएट पेमेंट्स सर्विस (आईएमपीएस) सिस्टम पैसे ट्रांसफर करते समय लाभार्थी के नाम को सत्यापित करने की सुविधा प्रदान करते हैं।

सर्कुलर में कहा गया है कि आरटीजीएस और एनईएफटी सिस्टम में भागीदार बैंक अपने ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से यह सुविधा उपलब्ध कराएंगे। यह सुविधा शाखा में जाकर लेनदेन करने वाले ग्राहकों को भी मिलेगी। खास बात यह है कि यह घोषणा नौ अक्टूबर, 2024 को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के दौरान तत्कालीन आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने की थी। सर्कुलर में कहा गया है कि प्रेषक द्वारा दर्ज लाभार्थी की खाता संख्या और आइएफएससी कोड के आधार पर कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) के माध्यम से लाभार्थी का नाम दिखाई पड़ने लगेगा। यदि किसी कारणवश लाभार्थी का नाम प्रदर्शित नहीं होता है तो प्रेषक अपने विवेक से फंड ट्रांसफर की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकता है।

## एयरलाइंस को शेयर करना होगा अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का डाटा, नाम, पीएनआर समेत बतानी होंगी ये डिटेल

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनियों को अब अनिवार्य रूप से भारतीय सीमा शुल्क (कस्टम) अधिकारियों के साथ विदेशी यात्रियों का विवरण साझा करना होगा। इसका अनुपालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। यह व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से लागू होगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अनुसार, भारत से/भारत के लिए उड़ानें संचालित करने वाली सभी विमानन कंपनियों को इसका अनुपालन करने के लिए 10 जनवरी, 2025 तक राष्ट्रीय सीमा शुल्क लक्ष्यीकरण केंद्र-यात्री के साथ पंजीकरण कराना होगा। अंतरराष्ट्रीय उड़ान के प्रस्थान से 24 घंटे पहले मोबाइल नंबर और भुगतान के तरीके से लेकर यात्रा कार्यक्रम तक का विवरण अधिकारियों के साथ साझा करना होगा।

सीबीआईसी ने आठ अगस्त, 2022 को, यात्री नाम रिकॉर्ड सूचना विनियमन, 2022 अधिसूचित किया था। इसके तहत विमानन कंपनियों को सीमा शुल्क विभाग के साथ विदेशी यात्री नाम रिकॉर्ड (पीएनआर) विवरण साझा करना जरूरी था। यदि कोई एयरलाइन आंकड़ा साझा करने में विफल रहती है तो सीमा शुल्क विभाग गैर-अनुपालन 25,000 से 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगा सकता है।

# प्रियांक खरगे को सस्पेंड नहीं कर सकते क्योंकि... ठेकेदार सुसाइड मामले में फंसे राज्य मंत्री के समर्थन में आए डीके शिवकुमार

**बेंगलुरू, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने राज्य मंत्री प्रियांक खरगे के इस्तीफे की भाजपा की मांग को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी जानती है कि वो ईमानदार हैं।शिवकुमार ने कहा, हम प्रियांक खरगे की ईमानदारी जानते हैं, जांच चल रही है। किसी के इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता। प्रियांक खड़गे हमारे दलित नेता हैं। यह (मामला सीबीआई को सौंपना) संभव नहीं है। हम जानते हैं कि सीबीआई कैसे काम करती है। हमारी पुलिस और अधिकारी जांच करने में सक्षम हैं। प्रियांक खरगे कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे हैं।वह कर्नाटक भाजपा प्रमुख बी वाई विजयेंद्र की टिप्पणी के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि बीदर के ठेकेदार की कथित आत्महत्या का



मामला सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए और प्रियंका खड़गे को इस्तीफा दे देना चाहिए।

शिवकुमार ने कहा, कई नेता और अन्य लोग हमारे साथ तस्वीरें लेते हैं, क्या इसका मतलब यह है कि हमारा उनसे कोई संबंध है। हमारी सरकार साफ-सुथरी है, उनके (भाजपा) पास कुछ भी नहीं है, इसलिए वे इस तरह से बोल रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रियांक खरगे हमारी सरकार के मुखर मंत्री हैं, वह एक दलित नेता हैं जो उभर रहे हैं और वह अच्छा काम कर रहे हैं, इसलिए भाजपा उन्हें रोकने की कोशिश कर रही है। यह सीबीआई का मामला नहीं है, मैंने सीबीआई के बारे में सब पढ़ा है जब उन्होंने मुझे जेल भेजा था, हम जानते हैं कि सीबीआई कैसे काम करती है, हमारी पुलिस और अधिकारी जांच करने में सक्षम हैं।

इससे पहले प्रियांक खड़गे ने बीदर में एक ठेकेदार की आत्महत्या के मामले का कथित तौर पर राजनीतिकरण करने के लिए भाजपा की कड़ी आलोचना की थी। कर्नाटक में ठेकेदार की आत्महत्या को लेकर विपक्षी भाजपा ने रविवार को मल्लिकार्जुन खरगे पर निशाना साधते हुए आश्चर्य जताया कि क्या संविधान कांग्रेस अध्यक्ष के परिवार पर लागू नहीं होता है। विपक्ष के नेता आर अशोक ने आरोप लगाया कि बीदर स्थित सिविल ठेकेदार सचिन पांचाल की आत्महत्या के लिए खरगे के बेटे और राज्य मंत्री प्रियांक खरगे जिम्मेदार हैं। क्या आंबेडकर का संविधान खरगे परिवार पर लागू नहीं होता। भाजपा नेता ने मांग की कि हर किसी को उपदेश देने वाले प्रियांक खरगे को इस्तीफा देना चाहिए और नैतिकता का परिचय देना चाहिए। अशोक ने दावा किया कि ठेकेदार पांचाल की मौत में खरगे के करीबी शामिल थे। पांचाल ने गुरुवार को ट्रेन के सामने लेटकर अपनी जान दे दी थी।

# इस देश ने लगाया ई-सिगरेट पर बैन, नए साल से बंद हो जाएगी बिक्री



**ब्रसेल्स, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बेल्जियम में एक जनवरी से डिस्पोजेबल ई-सिगरेट यानी वेप की बिक्री बंद हो जाएगी। इन पर बैन लगाने वाला बेल्जियम यूरोपीय संघ का पहला देश होगा। गौरतलब है कि ई-सिगरेट सेब, तरबूज और कोला सहित कई तरह के फ्लेवर में आते हैं और खासकर कि युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय है। हालांकि, बेल्जियम सरकार ने 1 जनवरी से एकल-उपयोग वाले वेप्स की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। राष्ट्रीय तंबाकू विरोधी योजना के हिस्से के रूप में युवा लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने के प्रयास के तहत यह फैसला किया गया है। यूरोपीय संघ का लक्ष्य 2040 तक तंबाकू मुक्त पीढ़ी हासिल करना है, जिससे 27 देशों के ब्लॉक की धूम्रपान करने वाली आबादी को वर्तमान के लगभग 25 प्रतिशत से घटाकर कुल का पांच प्रतिशत से भी कम किया जा सके। कुछ यूरोपीय संघ के देश उस समय सीमा को आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार वेप्स को अक्सर पारंपरिक तंबाकू उत्पादों के धूम्रपान से कम हानिकारक के रूप में प्रचारित किया जाता है। वे अपनी रंगीन पैकेजिंग, स्वाद और उंगलियों पर धुएं की गंध से बचने के लाभ के चलते युवाओं को अधिक आकर्षित करते हैं। लेकिन, चूंकि ई-सिगरेट में अभी भी निकोटीन होता है, जो अत्यधिक नशे की लत है, आलोचकों को डर है कि वे अधिक पारंपरिक तंबाकू उत्पादों के लिए एक संभावित कदम हो सकते हैं। बेल्जियम में तंबाकू मुक्त समाज के लिए गठबंधन की प्रवक्ता नोरा मेलार्ड ने एएफपी से कहा, समस्या यह है कि युवा लोग वेप्स का उपयोग करना शुरू कर देते हैं। बिना यह जाने कि उनमें निकोटीन की मात्रा कितनी है, और निकोटीन की लत लग जाती है।उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसे युवा लोग हैं जो कहते हैं कि वे रात में एक कश लेने के लिए जागते हैं। यह बहुत चिंताजनक है। बेल्जियम का दावा है कि उसने डिस्पोजेबल ई-सिगरेट से होने वाले खतरों पर तुरंत प्रतिक्रिया दी है, जो पांच साल से भी पहले बाजार में आई थी।

# मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने की मांग, तेलंगाना विधानसभा में प्रस्ताव पारित

**हैदराबाद, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

तेलंगाना विधानसभा ने सोमवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने का केंद्र सरकार से आग्रह किया है। मनमोहन सिंह को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा पेश प्रस्ताव को विधानसभा ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया है। विधानसभा के विशेष सत्र में पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा राष्ट्र की प्रगति और तेलंगाना के गठन में उनके अमूल्य योगदान को स्वीकार किया गया। विधानसभा ने तेलंगाना के लोगों की 60 साल की आकांक्षाओं को पूरा करने वाले एक महान नेता के रूप में उनकी स्मृति में हैदराबाद में डॉ मनमोहन सिंह की एक प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।विधानसभा ने इस तथ्य पर भी ध्यान दिया कि मनमोहन सिंह ने तेलंगाना राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री के



रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, लोगों की दशकों पुरानी आकांक्षा को पूरा करते हुए 2014 का आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम संसद में पारित किया गया था। मुख्य विपक्षी दल बीआरएस ने मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने की मांग का पूरा समर्थन किया। बीआरएस नेता केटी रामाराव ने कहा कि उनका मानना है कि दिवंगत नेता सर्वोच्च सम्मान के पात्र हैं। इधर, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद अलग-अलग विषयों को लेकर राजनीतिक खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही। उनके स्मारक के लिए स्थल चयन पर विवाद, कांग्रेस नेताओं के अस्थि विसर्जन में न जाने पर सवाल और अब भाजपा ने प्रहार को तीखा करते हुए आरोप लगाया है कि जब पूरा देश शोक में डूबा है, तब राहुल गांधी नए साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम चले गए हैं।उधर, कांग्रेस ने कहा है कि संघी आखिर ध्यान भटकाने वाली राजनीति कब बंद करेंगे। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए राहुल गांधी को निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा - जब पूरा देश पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, तब राहुल गांधी नए साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम चले गए।

## मुझे खुशी है कि अमित शाह जी ने... प्रियंका गांधी ने गृह मंत्री का जताया आभार

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने वायनाड त्रासदी को गंभीर प्राकृतिक आपदा घोषित किया है। सरकार के इस फैसले का प्रियंका गांधी ने स्वागत करते हुए गृह मंत्रालय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से लोगों को पुनर्वास में काफी मदद मिलेगी।प्रियंका गांधी ने गृह मंत्रालय के इस फैसले का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, मुझे खुशी है कि गृह मंत्री अमित शाह ने वायनाड त्रासदी को गंभीर प्राकृतिक आपदा घोषित करने का निर्णय लिया गया है। इससे पुनर्वास की आवश्यकता वाले लोगों को काफी मदद मिलेगी और निश्चित रूप से ये सही दिशा में उठाया गया एक कदम है। कांग्रेस सांसद ने आगे लिखा,यदि इसके लिए पर्याप्त धनराशि भी जल्द-से-जल्द आवंटित की जा सके तो हम सभी आभारी होंगे।

# 10 साल में सबसे साफ रहा यह दिसंबर, दिल्ली को 2015 के बाद नसीब हुआ ऐसा मौसम

**नईदिल्ली, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**


294 औसत एक्यूआई के साथ, दिल्ली ने 2015 के बाद (जब एक्यूआई की गणना शुरू हुई थी) इस दिसंबर में अपनी सबसे स्वच्छ हवा दर्ज की है। अधिकारियों ने कहा कि इस सुधार का श्रेय माह के पहले पखवाड़े में लगातार हवा चलने और दूसरे पखवाड़े में रिकॉर्ड वर्षा को दिया जा सकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, एक से 15 दिसंबर के बीच बहुत खराब श्रेणी का केवल एक दिन दर्ज किया गया। सोमवार को एक्यूआई मध्यम श्रेणी में 173 था, जो रविवार को रहे 225 एक्यूआई की तुलना में काफी कम था।



यह इस महीने का आठवां मध्यम श्रेणी वाला दिन है।

इससे पहले राजधानी में दिसंबर में तीन से अधिक मध्यम वायु गुणवत्ता वाले दिन दर्ज नहीं किए गए थे। इस महीने का सबसे कम एक्यूआई 28 दिसंबर को 139 दर्ज किया गया था, जो रिकॉर्ड पर दिसंबर का सबसे स्वच्छ दिन था। इस अवधि के दौरान औसत एक्यूआई 238 रहा, जो वर्ष के इस समय के 300 से अधिक के सामान्य एक्यूआई से काफी कम है। इसकी तुलना में, दिल्ली का औसत एक्यूआई पिछले दिसंबर में 348, 2022 में 319 और 2021 में 336 था। पिछला सबसे कम दिसंबर एक्यूआई 300 था, जो 2015 में दर्ज किया गया था। सीपीसीबी के पूर्व अपर निदेशक डॉ. दीपांकर साहा ने दिसंबर में अनुकूल वायु गुणवत्ता का श्रेय प्रदूषकों के अनुकूल मौसमी परिस्थितियों को दिया, खासकर महीने के पहले दो हफ्तों में। हालांकि, तीसरे सप्ताह में हवाओं में मंदी देखी गई, जिससे 17 से 23 दिसंबर के बीच छह गंभीर श्रेणी के एक्यूआई वाले दिन हुए। यह एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण था जो अतिरिक्त नमी लेकर आया, जिसके कारण हवा में ठहराव आ गया।स्काईमेट के उपाध्यक्ष, महेश पलावत ने बताया कि दिसंबर की शुरुआत में हवाओं ने प्रदूषकों को प्रभावी ढंग से फैलाने, घने कोहरे को रोकने और अपेक्षाकृत स्वच्छ हवा बनाए रखने में मदद की।

# चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे धनी सीएम, जानिए किस मुख्यमंत्री के पास सबसे कम संपत्ति ?



**नईदिल्ली, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी एडीआर ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया कि देश के सबसे अमीर सीएम चंद्रबाबू नायडू हैं। रिपोर्ट के अनुसार आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू के पास कुल 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है।वहीं, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी मात्र 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। नए साल पहले जारी हुई इस रिपोर्ट ने सभी को हैरान कर दिया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की इस रिपोर्ट में बताया गया कि राज्य विधानसभाओं और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि हमारे देश भारत में प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपये थी। वहीं, एक सीएम की औसत स्व- आय करीब 13,64,310 रुपये के करीब रही, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय से लगभग 7.3 गुना ज्यादा है। एडीआर की रिपोर्ट से पता चलता है कि अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू लगभग 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। वहीं, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर आते हैं। उनकी कुल संपत्ति 51 करोड़ रुपये से अधिक है। रिपोर्ट में पता चलता है कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममत बनर्जी के पास सबसे कम 15 लाख की संपत्ति है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब हैं। पिनाराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं।एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट बताती है कि अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू पर सबसे अधिक 180 करोड़ रुपये की देनदारी है। वहीं, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया पर 23 करोड़ रुपये और नायडू पर 10 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारी है। वहीं, ये भी कहा गया है कि 13 (42 प्रतिशत) मुख्यमंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसके अलावा 10 (32 प्रतिशत) ने हत्या के प्रयास, अपहरण, रिश्वतखोरी और आपराधिक धमकी से संबंधित गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। देश के 31 सीएम में केवल दो महिला सीएम हैं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली की सीएम आतिशी।

# एनसीसी शिविर में आर्मी ऑफिसर पर हमला, फूड पॉइजनिंग से कैडेट्स के बीमार पड़ने पर मचा था बवाल

**कोच्चि, 31 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कोच्चि के केएमएम कॉलेज, थ्रिक्काकारा में एनसीसी कैडेटों के लिए आयोजित शिविर में 21 केरल एनसीसी बटालियन के एक अधिकारी पर हमला करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोच्चि पुलिस के हवाले से सोमवार को इसकी जानकारी दी। कोच्चि शहर पुलिस ने एजेंसी को बताया कि आरोपियों की पहचान फोर्ट कोच्चि के मूल निवासी निषाद और यहां पल्लुरुथी के नवस के रूप में हुई है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी के अनुसार, आरोपियों को उनके घरों से हिरासत में लिया गया और एनसीसी अधिकारियों द्वारा उनकी पहचान करने के बाद उनकी गिरफ्तारी



दर्ज की गई। थ्रिक्काकारा पुलिस ने केएमएम कॉलेज, थ्रिक्काकारा में आयोजित एनसीसी कैडेट शिविर में 21 केरल एनसीसी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल कर्णयिल सिंह पर हमला करने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।यह घटना 23 दिसंबर की रात को 60 से ज़्यादा कैडेटों के कथित तौर पर संदिग्ध फ़ूड पॉइज़निंग से पीड़ित होने के बाद तनाव के बीच हुई।

24 दिसंबर की तारीख़ वाली एफ़आईआर में कहा गया है कि आरोपी, सिर्फ़ दो पहचाने जाने वाले व्यक्ति के रूप में नामित किए गए थे, जो कैंप की मेज़बानी करने वाले कॉलेज में घुसने के बाद, कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल कर्नेयल सिंह को रात 11.30 बजे के आसपास रोका, धमकाया और फिर हमला कर दिया। एफ़आईआर में कहा गया है कि आरोपी ने कथित तौर पर अधिकारी के गाल, गर्दन और पीठ पर किसी नुकीली चीज़ से वार किया।

# हर बात पर हो जाता है मूड खराब, खाने में इन फूड को करें शामिल, स्ट्रेस लेवल होगा कम

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव या स्ट्रेस एक आम समस्या बन चुकी है. इसका सीधा असर हमारे मूड पर पड़ता है. मूड खराब होना, चिड़चिड़ापन महसूस करना आदि, तनाव के सामान्य लक्षण हैं. इसका कारण होता है कार्टिसोल हार्मोन का बढ़ना.कई बार शरीर में मैग्नीशियम की कमी के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है. ऐसे में मैग्नीशियम से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन आपके तनाव को कम करने और मूड को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है. अगर आप भी स्ट्रेस से परेशान हैं, तो अगली बार इन हेल्दी स्नैक्स को आजमाएं. ये न केवल आपके मूड को बूस्ट करेंगे, बल्कि आपकी सेहत के लिए भी फायदेमंद होंगे.

हल्दी वाली लस्सी

हल्दी वाले दूध के फायदे तो आपने सुने होंगे, लेकिन अब हल्दी वाली लस्सी का स्वाद और फायदा लें. हल्दी वाली लस्सी तनाव कम करने में बहुत कारगर है. इसे बनाने के लिए दही में हल्दी, शहद, पंपकिन सीड्स और बारीक कटे बादाम मिलाएं. यह जिंक और मैग्नीशियम से भरपूर होती है, जो कार्टिसोल लेवल को कम करती है और मूड को बेहतर बनाती है.

सफेद चने का सलाद

सफेद चने का सलाद न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि यह आपकी सेहत के लिए भी लाभकारी है. इसे बनाने के लिए उबले हुए सफेद चनों में खीरा, टमाटर, जीरा पाउडर, काली मिर्च, नींबू का रस और काला नमक मिलाएं. यह सलाद फाइबर, विटामिन ष्ट और मैग्नीशियम से भरपूर है, जो आपको दिनभर ऊर्जावान बनाए रखता है और तनाव को दूर करता है

अलसी और ज्वार के लड्डू-अलसी और ज्वार से बने लड्डू न केवल टेस्टी होते हैं, बल्कि ये आपके कार्टिसोल लेवल को भी कंट्रोल करते हैं. इन्हें आप आसानी से घर पर बना सकते हैं. ये लड्डू मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं और आपका मूड बूस्ट करने में मदद करते हैं.

हल्दी दूध और अखरोट-रात को सोने से पहले हल्दी वाला गर्म दूध पीना शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसमें अगर बारीक कटे हुए अखरोट डाल दिए जाएं, तो इसका असर और बढ़ जाता है. यह मैग्नीशियम और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो न केवल तनाव को कम करता है, बल्कि आपको बेहतर नींद भी देता है.



घी में रोस्ट मखाने

मखाने, जो मैग्नीशियम का एक अच्छा स्रोत हैं, को घी में भूनकर खाना न केवल टेस्टी है, बल्कि यह आपकी सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है. यह स्नैक ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी को पूरा करता है और स्ट्रेस लेवल को भी कम करता है.



## डेनिम बॉडीकॉन ड्रेस पहन एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने दिखाई हॉटनेस

साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना तमन्ना भाटिया आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं है। उन्होंने ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपनी अदाकारी से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने अपनी बेहद ही खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका सेक्सी अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। विजय वर्मा के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चाओं में हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान डेनिम आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें उनकी हॉटनेस देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं। कर्ली बाल और वाइन हील्स पहनकर तमन्ना भाटिया ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अपन इस लुक में गजब की खूबसूरत नजर आ रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

# सर्दी में बंद नाक खोलने का सबसे सेफ तरीका, मिनटों में मिलेगा आराम

सर्दियों में अक्सर लोग बंद नाक, खांसी और गले में दर्द से परेशान रहते हैं. रेस्पिरेटरी संबंधी समस्याओं के होने की वजह से लोगों को सांस लेने तक में दिक्कत होती है. सर्दी में सुबह-सुबह नहाकर घर से बाहर निकलते ही अक्सर लोगों की नाक जाम होने लगती है. गिरते तापमान और दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की वजह से भी कई बार लोगों की नाक बंद हो जाती है. इसके अलावा सर्दी में नाक बंद होने का कारण जुकाम, फ्लू या साइनस संक्रमण, एलर्जी हो सकती है. इसके अलावा शराब का सेवन और तनाव की वजह से भी लोगों की नाक बंद हो जाती है. आइए जानते हैं कि कौन से घरेलू नुस्खें ऐसे हैं जिनसे बंद नाक का उपचार किया जा सकता है.

गर्म पानी की भांप लें

सर्दी में बंद नाक से परेशान हैं तो आप गर्म पानी की भांप लें. भांप लेने से ना सिर्फ बंद नाक खुलेगी बल्कि सर्दी जुकाम का भी इलाज होगा. भांप लेने के लिए आप पानी में विक्स डालकर भी भांप ले सकती हैं.



तुलसी के पत्ते और काली मिर्च की चाय पीएं

बंद नाक को खोलने के लिए आप काली मिर्च और तुलसी के पत्तो की चाय का सेवन दिन में दो बार रोजाना करें. काली मिर्च और तुलसी के पत्ते इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग करेंगे और बंद नाक उपचार भी करेंगे.

लहसुन के पानी का सेवन करें

बंद नाक को खोलने के लिए आप लहसुन की दो बालियों को एक गिलास पानी में मिला लीजिये और उस पानी को 5-6 मिनट तक पकाएं और गुनगुना ही इसका सेवन करें. दिन में दो बार इस पानी का सेवन करने से बंद नाक से निजात मिलेगी.

नारियल तेल की बूंदें नाक में डालें

बंद नाक से परेशान हैं तो नारियल तेल की कुछ बूंदें नाक में डालें आपको बेहद फर्क महसूस होगा.

मास्क लगाना न भूलें

घर से निकलते ही नाक बंद होने लगती है तो आप मुंह पर मास्क लगाएं. मास्क लगाने से आपको डस्ट से एलर्जी होने का खतरा नहीं रहेगा और नाक भी जाम नहीं होगी.

## वरुण धवन की बेबी जॉन की हालत खराब चार दिन में भी नहीं कमाए 25 करोड़



वरुण धवन पिछली बार फिल्म स्त्री 2 में कैमियो करते दिखे थे और इस फिल्म में उनकी खूब तारीफ हुई थी। पिछले दिनों क्रिसमस के मौके पर वह फिल्म बेबी जॉन लेकर सिनेमाघरों में हाजिर हुए।उनकी इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर इतना बुरा हश्र होगा, यह खुद वरुण ने नहीं सोचा था।फिल्म पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है और हाल देख तो लग रहा है कि यह फिल्म सुपरफ्लॉप होने वाली है। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने चौथे दिन 4.25 करोड़ की कमाई की है। फिल्म भारत में अब तक 23.90 करोड़ रुपये कमा चुकी है।फिल्म ने पहले दिन 11.25 करोड़ का कारोबार किया था। इसके बाद फिल्म की कमाई में जबरदस्त कमी आई थी। दूसरे दिन इसने 4.75 करोड़ कमाए और तीसरे दिन इसकी कमाई घटकर 3.65 करोड़ रुपये रह गई।हैरानी की बात यह है कि वीकेंड में भी यह फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों का मुंह ताक रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिनेमाघरों के मालिकों का मानना है कि नए साल और छुट्टी वाले सीजन में ये फिल्म उन्हें मुनाफा नहीं दे सकेगी, इसलिए अब बेबी जॉन के शोज की जगह मलयालम फिल्म मार्को का हिंदी वर्जन सिनेमाघरों में लाया जा रहा है, वहीं अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 के शो और बढ़ाए जाएंगे।



## मिसमैच्ड 3 पर अहसास चन्ना ने कहा, ऐसा जटिल किरदार मैंने पहले कभी नहीं निभाया

33अभिनेत्री अहसास चन्ना ने मिसमैच्ड 3 में अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि इस तरह का जटिल किरदार उन्होंने पहले कभी नहीं निभाया।

अहसास चन्ना ने कहा, मिसमैच्ड में मेरा किरदार पिछले सीजन से थोड़ा हटकर है। इस बार मेरे किरदार में कुछ अलग देखने को मिलेगा। बेशक आपको अनमोल और विन्नी का इसमें रोमांटिक रिश्ता देखने का मिलता है, मिसमैच्ड इन युवाओं के रोमांटिक रिश्तों के बारे में ही है। यह पूछे जाने पर कि यह उनके पहले के किरदारों से इस बार की किरदार कितना अलग है, उन्होंने कहा, यह निश्चित रूप से मेरे पहले के किरदारों से बहुत अलग है। वह बहुत जागरूक है और सही-गलत में अंतर जानती है और नैतिकता की बहुत मजबूत समझ रखती है। मैंने पहले कभी इस तरह का किरदार नहीं निभाया जो इतना जटिल हो। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि वेब सीरीज एक पैटर्न में आ गई है और इसे फिर से बनाने की जरूरत है, तो अभिनेत्री ने कहा कि वह इस सवाल का जवाब देने के लिए बहुत छोटी हैं। अहसास ने कहा: हां, मैंने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई तरह के किरदारी निभाए हैं। उनमें से प्रत्येक एक-दूसरे से बहुत अलग हैं। अहसास ने कहा, मैंने इस पर बहुत ज्यादा विचार नहीं किया है। हमारे फिल्म अभिनेता और टीवी अभिनेता ज्यादा लोकप्रिय हैं। लेकिन ऐसा इसलिए भी है क्योंकि उनके पास ज्यादा फॉलोअर्स हैं। ओटीटी एक प्लेटफॉर्म के रूप में अन्य दो की तुलना में बहुत नया है। लेकिन ऐसा कहने के बाद मुझे नहीं लगता कि अभी किसी भी माध्यम के बीच कोई स्पष्ट अंतर है। फिल्म अभिनेता ओटीटी कंटेंट कर रहे हैं। ओटीटी अभिनेता फिल्म कंटेंट कर रहे हैं।

## 100 करोड़ क्लब में एंट्री लेने से कुछ कदम दूर मुफासा

बैरी जेनकिंस की निर्देशित डिज्नी की सबसे चर्चित प्रीक्वल और द लायन किंग (2019) की सीक्वल ने पिछले 8 दिनों में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर, हॉलीवुड फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने नौ दिनों के प्रदर्शन के दौरान 83.97 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म को भारतीय दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। मुफासा को रिलीज हुए पूरे नौ दिन हो गए हैं। तो आइए जानते हैं कि फिल्म ने शनिवार को कितना कलेक्शन किया है। मुफासा ने अपने पहले हफ्ते में 74.25 करोड़ रुपये की कमाई की है, जबकि पहले दिन इसने 8.3 करोड़ रुपये की कमाई की थी। 8वें दिन यानी शुक्रवार को कमाई में 5.71 प्रतिशत की गिरावट आई और फिल्म ने 6.6 करोड़ रुपये की कमाई की। हालांकि, वीकेंड पर फिल्म ने फिर से रफ्तार पकड़ी है और शानदार कमाई की है। बात करें नौवें दिन की तो शनिवार को फिल्म ने 9.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

## शब्द सामर्थ्य -282

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 281 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

### 49 वर्षों के निरंतर आयोजन की है उपलब्धि

# सेशन स्मृति गोल्ड कप प्रतियोगिता का शुभारंभ 2 फरवरी से



**चरचा कालरी।** कोल इंडिया के इतिहास में सर्वाधिक वर्षों तक आयोजित होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता का रिकॉर्ड रखने वाले अखिल भारतीय सेशन मेमोरियल गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता वर्ष 2024 25 का भव्य आयोजन स्थानीय महाजन स्टेडियम के विशाल प्रांगण में 2 फरवरी 2025 को संभावित है 12 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का समापन 13 फरवरी 2025 को होगा, इस प्रतियोगिता में देश के लगभग 12 राज्यों की ख्याति प्राप्त फुटबॉल टीम अपना बेहतरीन प्रदर्शन करेगी।

विदित हो कि चरचा कालरी क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति बेहद लगाव है फुटबॉल टूर्नामेंट इस क्षेत्र में एक पर्व के समान मनाया जाता है टूर्नामेंट के दौरान पूरा स्टेडियम खचाखच भरा रहता है विशेष कर महिलाओं की गैलरी देखने लायक रहती है बाहर से आने वाले फुटबॉल टीमों के अनुभवी कई कोच ने कहा की जितनी संख्या में यहां महिला दर्शक उपस्थित रहती हैं उतना हमने कहीं नहीं देखा है दर्शकों की उपस्थिति से खिलाड़ियों में एक नई ऊर्जा आती है और बेहतर खेल का प्रदर्शन होता है यही वजह है कि हम लोग इस टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु उत्सुक रहते हैं चरचा कालरी के कर्मचारी विगत 48 वर्षों से लगातार इस आयोजन हेतु प्रतिवर्ष अपना एक दिन का वेतन सहयोग स्वरूप देते हैं फुटबॉल टूर्नामेंट का यह 49वां वर्ष होगा अर्थात 48 वर्षों के निरंतर आयोजन की उपलब्धि रखने वाली यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य में एकमात्र है देश में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली चद फुटबॉल प्रतियोगिताएं ही बची हैं जिनके आयोजन का इतिहास इतना लंबा होगा फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु बी .एन .झा महाप्रबंधक एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र ,क्षेत्र प्रबंधक चर्चा, डॉ अशोक विराजी उपाध्यक्ष जिला फुटबाल संघ एवं छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ, समस्त श्रम संगठनों का विशेष सहयोग रहता है।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने जंगली हाथियों के सुरक्षा हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। इस दौरान हाथियों के सुरक्षा के साथ साथ लोगों की सुरक्षा एवं मानव हाथी द्वंद के कारण होने वाले विभिन्न प्रकार नुकसानों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान डीएफओ पंकज कमल एवं वन विभाग के अन्य अधिकारी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाली जंगली हाथियों के रहवास, उनके गतिविधियों एवं होने वाले घटनाओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने बैठक में हाथियों के विचरण क्षेत्रों की स्थिति, मानव हाथी द्वंद के कारण, द्वंद के कारण होने वाले पशु हानि ,जन हानि एवं किसानों के फसल हानि को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान हाथियों के मृत्यु के कारणों पर चर्चा करते हुए उनके और लोगों के सुरक्षा के हरसंभव उपाय पर चर्चा की गई।

## जन्म के समय शिशुओं के वजन को लेकर कार्यशाला आयोजित, कलेक्टर ने दिए निर्देश



**कोरिया।** जिले में जन्म के समय शिशुओं के कम वजन की समस्या को दूर करने के लिए जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से बैकुंठपुर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने की।

कलेक्टर ने कहा कि कम उम्र में लड़कियों के विवाह और गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन न मिलने के कारण नवजात शिशुओं का वजन कम होता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि ऐसी समस्याओं को जड़ से समाप्त करने के लिए व्यापक मुहिम चलाएं। उन्होंने कहा, कम उम्र में विवाह से लड़कियों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक भोजन और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से शिशु का विकास प्रभावित होता है। इससे शारीरिक, मानसिक समस्याओं को जन्म देती है। इसे रोकने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को गर्भवती महिलाओं को सही समय पर सलाह और सहायता प्रदान करनी चाहिए। कार्यशाला में यह भी कहा गया कि गरीबी और पारिवारिक दबाव के कारण लड़कियों की जल्दी शादी कर दी जाती है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर



असर पड़ता है। कलेक्टर ने कहा कि हमें सिर्फ आंकड़े का लक्ष्य हासिल नहीं करना है बल्कि समस्या के मूल कारण को समझते हुए इसे दूर करना है। कलेक्टर ने इस प्रथा को रोकने और जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए। आकांक्षी विकासखण्ड बैकुंठपुर में नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच की जानकारी दे सकें। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन होगी जमा

**कोरिया।** आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी है कि शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए जिले में संचालित समस्त शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि, वेटनरी, पॉलीटेक्निक, आई.टी.आई., नर्सिंग, डी.एड. एवं बी.एड. में अध्ययन कर रहें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पात्र होंगे। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ पर किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 15 फरवरी 2025 तक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 28 फरवरी 2025 तक का समय निर्धारित है। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा। सभी विद्यार्थियों को आवेदन करते समय ध्यान रखना होगा कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि सुनिश्चित हो। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओ.टी.पी. के माध्यम से किया जाएगा। वर्ष 2024-25 से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से ओटीआर की प्रविष्टि ऑनलाइन आवेदन करते समय किया जाना है। संस्थाओं को प्रदाय प्रशिक्षण अनुसार जियो टैगिंग संबंध में संबंधित संस्था द्वारा प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

## सूरजपुर पुलिस का नेत्र परीक्षण शिविर



**सूरजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने यातायात नियमों के प्रति नागरिकों में जागरूकता लाने, सड़क दुर्घटना कम करने की रणनीति को लेकर यातायात प्रभारी को नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कराने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में यातायात प्रभारी के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाते हुए नेशनल हाईवे पर वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर बस, ट्रक व छोटे-बड़े चार पहिया वाहन के चालकों का नेत्र का परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टर से कराया है। इस कैम्प में आंखों की जांच के लिए आए वाहन चालकों को यातायात प्रभारी ने यातायात नियमों का पालन कड़ाई से करने की समझाईश दी। सोमवार, 30 दिसम्बर 2024 को यातायात प्रभारी फर्दीनंद कुजूर ने नेशनल हाईवे पर रेड़ नदी के पास स्थित टोल प्लाजा में वाहन चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। जिला चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सक डॉ. मुकेश राजवाड़े ने 93 वाहन चालको की आंखों का परीक्षण किया गया जिनमें 63 चालकों के नेत्र सही पाया गया शेष चालकों को चश्मे की आवश्यकता पाई गई जिन्हें चश्मा लगाने की हिदायत देते हुए जरूरी दवाई दी गई। यातायात प्रभारी ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बस, ट्रक व छोटे चार पहिया वाहन के चालकों की आंखों की जांच कराना है। वाहन चालकों के नेत्र सही रहेंगे तो सफर के दौरान सड़क पर दुर्घटनाएं कम होगी और लोग सुरक्षित रहेंगे। इस दौरान एएसआई चमरू राम सहित यातायात के जवान सक्रिय रहे।

## कलेक्टर ने कानून व्यवस्था के संबंध में ली बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सभी एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस विभाग के अधिकारी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्य करने को कहा। कलेक्टर जयवर्धन ने नए वर्ष आगमन को देखते हुए कहा कि जिले में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा के इंतज़ाम लिए सभी अधिकारी सजग होकर कार्य करें। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपने क्षेत्रों में इस दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा की जाने वाली वारदातों पर पैनी नजर रखें। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की संभावना को देखते ही त्वरित रूप में सख्त कार्यवाही करें। इसके अलावा उन्होंने नव वर्ष को देखते हुए पर्यटन स्थलों का विशेष रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, सड़क यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा एवं यातायात सुचारु करने के लिए भी नियमित पेट्रोलिंग कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न आयोजनों के दौरान जानबूझकर ध्वनि प्रदूषण कर कानून व्यवस्था का उल्लंघन किए जाने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर नियुक्त

**रायपुर।** कलेक्टर सुनम्रता गांधी ने ई-ऑफिस क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया है। उन्होंने डिप्टी कलेक्टर श्रीमती वेरनदत्त एक्का को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जिनका मोबाईल नंबर 70490-04111 है। इसी तरह जिला प्रचायत के प्रोग्रामर हितेश सिन्हा और सहायक प्रोग्रामर सामान्य निर्वाचन अखिलेश आहूजा को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया है। बता दें कि सुशासन की दिशा में कार्य करते हुए एक जनवरी 2025 के पूर्व सभी विभागों में ई-ऑफिस क्रियान्वयन करने का लक्ष्य रखा गया है।

## हाइवा ने बुजुर्ग को रौंदा, ट्रक पूर्व विधायक के भाई का

**रायपुर।** जिले के नंदकट्ठी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि शराब के नशे में धुत हाइवा चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बुजुर्ग को कुचल दिया. यह हादसा नंदिनी थाना क्षेत्र के गौठान के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, 60 वर्षीय बुजुर्ग मदन निषाद गौठान के पास पैदल जा रहे थे, तभी रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया. स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया. बताया जा रहा है कि यह हाइवा पूर्व विधायक लाभचंद बाफना के भाई चंचल बाफना का है.घटना के बाद आक्रोशित मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया. पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की।

## 8 जुआरियों से कुल 52010 रुपए जब्त

**रायपुर।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा जुआ सट्टा आबकारी एक्ट अवैध रूप से गांजा तस्करी करने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी एस.आर.घृतलहरे के मार्गदर्शन पर थाना व साइबर सेल की टीम गठित कर मुखबिर सुचना पर 02 प्रकरण जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई जिसमे ग्राम नवापारा खार में 1. शिवराज पिता सन्तु उम्र 37 वर्ष साकिन धनगांव 2 प्रदीप कुमार पिता विरेन्द्र उम्र 32 वर्ष निवासी मानिकपुर 3 अयोध्या जोशी पिता शिवराज उम्र 43 वर्ष निवासी ठक्कर वार्ड मुंगेली 4. भुवन आहिरे पिता मोहित उम्र 24 वर्ष 5. कृष्णा जांगड़े पिता मनोहर उम्र 31 वर्ष निवासी हेडसपुर 6. रामकुमार आहिरे पिता अमरदास उम्र 31 वर्ष निवासी ढ्ढ नवापारा मुंगेली 7. नरेश जांगडे पिता आत्माराम उम्र 33 वर्ष निवासी हेडसपुर 8 सुनील कुमार पिता अशोक कोशले उम्र 36 वर्ष निवासी चातरखार मुंगेली को आम जगह पर रूपये पैसे का दांव लगाकर काटपत्ती से हार जीत नामक जुआ खेलते पाये जाने से नगदी रकम 41900 रूपये जप्ती कार्यवाही कर आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क 517/24 धारा छ ग. जुआ प्रति.अधि. की धारा 3(2) की कार्यवाही की गई व ग्राम खर्राघाट बड़े पुलिया के पास मुंगेली में आरोपीगण 1. इनदास भास्कर पिता महासिंग उम्र 54 वर्ष निवासी चातरखार 2. खुमानदास मनिकपुरी पिता अनुपदास उम्र 29 निवासी शिवाजौ वार्ड मुंगेली 3. बसंत उर्फ छोटा-पिता आनंद सोनकर उम्र 23 वर्ष निवासी रामगढ़ 4. रामगोपाल दुबे पिता रामकृपाल उम्र 40 वर्ष निवासी परहंस वार्ड मुंगेली को जुआ खेलते पकड़े जिनके कब्जे से नगद रकम 5210 रूपये 52 पत्ती तास अधजली मोमबत्ती माचिस जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर आरोपीगण, के विरूद्ध अपराध क्र. 518/24 धारा छ.ग. जुआ प्रति.अधि. की धारा 3(2) की कार्यवाही की गई उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संजय सिंह राजपूत प्रभारी सायबर सेल मुंगेली सउनि मधुकर प्र.आर. राजेश बंजारे दयाल गवास्कर लोकेश राजपूत यशवंत बाहिरे आर भेषज पाण्डेकर राजु साहू अतुल ठाकुर हेम सिंह, महेन्द्र ठाकुर गिरीराज सिंह, राकेश बंजारा की अहम भुमिका रही।

## महतारी वंदन योजना: मोनिका बनी महिला सशक्तिकरण की मिसाल



**रायपुर।** मुंगेली जिले के विकासखंड मुंगेली के ग्राम करही निवासी मोनिका राठौर महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन गई है। मोनिका महतारी वंदन योजना का लाभ ले रही है और उस राशि का उपयोग करके अपने व्यवसाय को एक नई दिशा दे रही है और आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रही है। मोनिका ने बताया कि उनका सुहाग भंडार का दुकान है, यही उनकी आय का एकमात्र जरिया है। शासन द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रूपए मिलने से उन्हें काफी मदद मिलती है। उनके दो बेटे हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना का लाभ उठाकर बच्चों के लिए बैंक खाता खुलवाया है, जिसमें बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर प्रतिमाह रूपए भी जमा करती है। उन्होंने योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य तथा पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत प्रतिमाह 01 हजार रूपए महिलाओं के बैंक खाते में अंतरित की जाती है। योजना से महिलाओं में खुशी की लहर है। मुंगेली जिले के लगभग 02 लाख 13 हजार महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। योजनांतर्गत महतारी वंदन योजना की 10 किस्त की राशि जारी हो चुकी है।

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पूर्व व्यवसायिक शिक्षा का बच्चों को मिल रहा है प्रशिक्षण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और कैबिनेट के मंत्रीगणों के लिए नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मडानार स्कूल से आज विशेष उपहार आया। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मडानार के स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री और सभी मंत्री गणों के लिए अपने हाथों से तैयार लकड़ी की नेम प्लेट भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय उपहार पाकर इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने इस नेम प्लेट को तत्काल मंत्रालय स्थित अपने चेंबर के टेबल पर लगवाया और सभी मंत्रियों से भी कहा कि सभी अपने चेंबर में इसे लगवाएं। इन बच्चों ने आज मुख्यमंत्री से मंत्रालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि बस्तर की अद्भुत कला को जिस समर्पण के साथ हमारे बच्चे आगे बढ़ाने का काम कर रहे है, वह सराहनीय है। बच्चों की शिक्षा और नया सीखने के प्रति लगन बस्तर की उन्नति का रास्ता खोलने का काम करेगी। उन्होंने सभी बच्चों का परिचय लिया और उनकी कला की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस कला को सीखने के लिए बच्चों के प्रयासों को सराहा और जब उन्हें पता चला कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चों ने यह सीखा है, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का यही उद्देश्य था कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से बच्चे न केवल पढ़ाई करें बल्कि अपने रुचि के कार्यों में भी पारंगत हो। शिक्षा को रुचिकर बनाने, कला-संस्कृति को सहेजने के साथ-साथ रोजगार के बड़े उद्देश्य की पूर्ति नई शिक्षा नीति के माध्यम से साकार हो रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री को बच्चों ने काष्ठ पर उकेरे गए संविधान की



उद्देशिका भेंट की और उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और श्री विजय शर्मा को पोट्रेट भेंट किया।

स्कूली बच्चों के साथ आए शिक्षक श्री शिवचरण साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि नेम प्लेट को 12वीं कक्षा की छात्रा कशिक ने अपने हाथों से तैयार किया है। वहीं पोट्रेट को खिलेंद्र बघेल ने और संविधान की उद्देशिका को छात्र सागर ने तैयार किया है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पूर्व व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत यह प्रशिक्षण मिला है और बच्चे रुचि के साथ इसे सीख रहे हैं। श्री साहू ने बताया कि सालाना लगभग 3 लाख रुपए इन कलाकृतियों के विक्रय के माध्यम से उन्हें प्राप्त हो रहे हैं। बच्चों द्वारा तैयार यह कलाकृतियां अब अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसे बड़े ऑनलाइन बाजार में भी उपलब्ध है। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन उपस्थित थे।

## सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का महाबंद और चक्काजाम, कांग्रेस का भी मिला समर्थन

**भानुप्रतापपुर।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के आह्वान पर भानुप्रतापदेव चौक में महाबंद और चक्काजाम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समुदाय के लोग जमा हुए और अपनी आवाज़ उठाई। महाबंद के समर्थन में कांग्रेस पार्टी भी सक्रिय नजर आई। नगर पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने इस आंदोलन में हिस्सा लिया, जो ओबीसी वर्ग के आरक्षण में वृद्धि की मांग को लेकर था। समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की अपील की और चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं, तो वे और अधिक उग्र आंदोलन करेंगे।

## धर्मांतरण और जिहाद से समाज में उत्पन्न हो रही गंभीर स्थिति : सतानंद महाराज

**बलरामपुर।** वृदांवन धाम के प्रसिद्ध कथावाचक सतानंद महाराज इन दिनों छत्तीसगढ़ में है. वे बलरामपुर में 15 दिन की दिन की जनजागृति के लिए यात्रा पर निकले हुए हैं. इस दौरान सतानंद महाराज ने धर्मांतरण को लेकर बड़ा दिया है. उन्होंने छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सावधान रहने के लिए कहा है. कथावाचक सतानंद महाराज ने कहा कि देश बचेगा तभी हम सब सुरक्षित रहेंगे, और यह तभी संभव है जब धर्म विद्रोही देश से दूर भागेंगे. छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे भारत में धर्मांतरण और जिहाद से समाज में गंभीर स्थिति उत्पन्न हो रही है. उन्होंने दावा किया कि यह प्रक्रिया विभिन्न तरीकों से की जा रही है, जिसमें लोगों को दाल-चावल, भूतप्रेत और शिक्षा को लेकर लुभावने का प्रयास करते हैं. उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन करने वाले लोग अपनी धार्मिक आस्थाओं और सामाजिक लाभों के बीच दोहरा व्यवहार कर रहे हैं. महाराज ने जोर देकर कहा कि इस प्रकार का विरोधाभास समाज में अस्थिरता का कारण बनता है और इसे रोकने की आवश्यकता है. कथावाचक सतानंद महाराज ने वनक्षेत्रों में रहने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि बहला-फुसला कर उनका धर्म परिवर्तन कर देते हैं. आप प्राकृतिक के उपासक हो, आपसे सावधान रहने की अपील है. वहीं देश के समस्त साधुओं से उन्हें अपील करते हुए कहा कि गांव नगर जंगल जाकर जन जागरूकता का कार्य करें, अगर ऐसा होता है तो साल 2 साल के अंदर भारत हिंदू राष्ट्र की ओर अग्रसर हो जाएगा।

## बोरवेल में पानी की जगह निकली आग की लपटें

**सूरजपुर।** सूरजपुर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है. आमतौर पर लोग पानी की कमी पूरी करने के लिए बोरवेल की खुदाई करवाते हैं. लेकिन जरा सोचिए, क्या होगा जब बोरवेल से पानी की जगह गैस निकले और उससे लगने वाली आग की लपटें आपको डराने लगे। सूरजपुर के बोरवेल की खुदाई के बाद जमीन के अंदर पानी के साथ-साथ प्राकृतिक ज्वलनशील गैस निकलने लगी. इसे चेक करने के लिए ग्रामीणों ने माचिस की तिली जलाकर देखी तो बोरवेल के अंदर से आग निकलने लगी. आग की लपटें इतनी भयानक थी कि उसे देखते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई. घटना ओंड़गी ब्लॉक के चिकनी गांव की है। दरअसल, चिकनी गांव में एक ग्रामीण के खेत में बीते दो दिनों से बोरवेल की खुदाई का काम चल रहा था. बीती रात जब काम पूरा हुआ तो बोरवेल मशीन से के लौटते ही अचानक बोरिंग के अंदर से गैस निकलने लगी. इसके बाद ग्रामीणों ने कपड़े की मदद से आग को बुझाने को प्रयास किया. काफी कोशिशों के बाद गीले कपड़े को डालने से आग बुझी, लेकिन गैस रिसाव की समस्या अभी भी बनी हुई है. गैस रिसाव चेक किए जाने पर आज फिर से पानी के साथ-साथ बोरवेल से आग की लपटें बाहर आती दिखाई दे रही हैं। ई.ई. पी.एच.ई प्रदीप खलखो ने कहा कि इस क्षेत्र में कोयले का प्रचुर भंडार है. अक्सर ऐसे क्षेत्रों में जहां कोयले का प्रचुर भंडार होता है, वहां मीथेन गैस बोर खनन के दौरान निकलने की घटना सामने आती है. मीथेन गैस चूंकि ज्वलनशील होता है और जब यह गैस आग के संपर्क में आता है, तो आग पकड़ लेता है. संभवत: इस बोरवेल से भी मीथेन गैस ही का ही रिसाव हो रहा होगा, जिसकी वहज से पानी के साथ आग कि लपटें उठ रही होंगी।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत विकासखंडवार सभी पंचायतों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का 1 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम (समय-अनुसूची) के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी 2025 को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों का निपटान गुरुवार 9 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी 2025 तक है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि शनिवार 11 जनवरी 2025 है। निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील की जा सकती है। मंगलवार 14 जनवरी 2025 तक परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों के प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करने, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौपने तथा अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्र करने की कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 15 जनवरी 2025 तक किया जाएगा।


## कटघोरा नगर मंडल की बैठक आज

**कोरबा।** भाजपा कटघोरा नगर मंडल के अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक प्रेमचंद पटेल के जन्मदिन पर कटघोरा में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए आज कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई है। जिसमें तय किए जाएंगे कि मंडल में क्या-क्या कार्यक्रम होगा। भिलाईबाजार मंडल के अध्यक्ष दिनेश राठौर ने बताया कि यहां भी कार्यकर्ता विधायक प्रेमचंद पटेल के जन्मदिन पर कार्यक्रम की तैयार कर रहे हैं। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के सभी पांचों मंडलों में अलग-अलग कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके लिए हरदीबाजार में चुलेश्वर राठौर, हरीश थरवानी, कृष्णा पटेल, दीपका में राजू प्रजापति, सूर्यप्रकाश शर्मा, बांकीमोंगरा में उदय शर्मा, भागवत विश्वकर्मा, हनुमान पांडेय तैयारी में लगे हुए हैं।

## दोंदरों में निकाली गई पदयात्रा

**कोरबा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर बालको नगर मंडल द्वारा ग्राम दोंदरो में पदयात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष डिलेन्द्र यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में बालको क्षेत्र के सभी वरिष्ठ भाजपाई मौजूद थे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया गया। पसान मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष हिमांशु पांडेय ने बताया कि अटल चौक में मंडल अध्यक्ष प्रताप मरावी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# नए साल से पहले लमना में दंतैल का बरपा कहर, दो ग्रामीणों को किया बेघर





**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद हाथी समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां के जटगा, पसान, केंदई व एतमानगर रेंज में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं जो न केवल फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं बल्कि गांवों में घुसकर ग्रामीणों के घर को तोड़ उन्हें बेघर कर दे रहे हैं। इतना ही नहीं वहां रखे धान, मक्का व अन्य अनाज को चट भी कर दे रहे हैं। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण बेहद परेशान हैं तथा आर्थिक नुकसान सहने को भी मजबूर हैं। नववर्ष से पहले यहां मौजूद हाथियों के दल में से एक दंतैल हाथी बीती रात झुंड से अलग होकर केंदई रेंज अंतर्गत लमना गांव पहुंच गया और वहां जमकर उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों के कच्चे मकान को ध्वस्त कर दिया। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट की तैयारी में जुट गए हैं। प्रारंभिक तौर पर दंतैल के उत्पात से हजारों रुपए के नुकसान का अंदाजा लगाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमंडल के जटगा, पसान, एतमानगर व केंदई रेंज में लगभग आधा दर्जन हाथी जंगलों में विचरण कर रहे हैं। इनमें से 18 हाथियों का दल केंदई रेंज के लमना क्षेत्र में सक्रिय हैं। बताया जाता है कि इस दल में एक खतरनाक व उत्पाती दंतैल हाथी भी शामिल है। बीती रात यह उत्पाती हाथी झुंड से अलग हुआ और लमना गांव की बस्ती में घुसकर वहां जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान दंतैल ने पार्वती पति दशरथ सारथी नामक महिला के घर को निशाना बनाते हुए वहां का दरवाजा तोड़ दिया तथा घर की दीवार व छप्पर को भी गिरा दिया। घर में मौजूद पार्वती व उसके परिवार के सदस्यों ने किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई। दंतैल द्वारा पार्वती के घर को तोड़े जाने के बावजूद उसका उत्पात नहीं थमा और समीप ही स्थित सिंधुराम पिता जवाहर सारथी के घर को निशाना बनाते हुए उसे ध्वस्त कर दिया। इतना ही नहीं घर में रखे धान, मक्का को चट करने के साथ ही कुछ घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचाया। पीड़ित ग्रामीण द्वारा शोर मचाए जाने पर गांव के लोग जागे तथा वन विभाग को सूचित किया। दंतैल के बस्ती में घुसने तथा उत्पात मचाए जाने की सूचना मिलते ही हाथी ड्यूटी में तैनात वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उत्पात दंतैल को खदेड़े जाने की कार्यवाही की। वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल का रूख किया तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी रात भर गांव में डटे रहे। सुबह होने पर नुकसानी का आंकलन किया और रिपोर्ट तैयार कर मुआवजा स्वीकृति के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दिया।

इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में भी दो दर्जन से अधिक हाथी सक्रिय हैं। हाथियों के दल में से 18 हाथी लबेद के कक्ष क्रमांक 1105 तथा 8 हाथी 1095 में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस दल को आज सुबह ग्रामीणों ने यहां विचरण करते हुए देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। लबेद व आसपास गांव में मुनादी कराने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों के दल ने फिलहाल कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना को देखते हुए सतर्कता बरती जा रही है।

### विधायक ने लिखा पत्र

इस बीच कोरबा वनमंडल अंतर्गत कुदमुरा रेंज में हाथी की मौत मामले में रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मामले की जाँचकर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।



विधायक राठिया ने पत्र में कहा है कि कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज अन्तर्गत गीतकुंवारी क्षेत्र से उन्हें ज्ञात हुआ है कि दिनांक 27 दिसंबर को हाथी की मौत वन विभाग व विद्युत विभाग के लापरवाही के कारण हुआ है। यह बात वन विभाग व विद्युत विभाग की घोर लापरवाही की ओर इंगित करता है। मामले की जाँचकर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। दोषियों पर कार्रवाई से निश्चित ही इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है।

## एसईसीएल की बंद खदानों को पुनः शुरू करने की कोशिशें तेज



**कोरबा।** एसईसीएल प्रबंधन जिले में बंद पड़े रजगामार, सुराकछार सहित अन्य भूमिगत खदानों को फिर से संचालन करने की कोशिशें तेज कर दिया है। इस सिलसिले में कंपनी के सीएमडी डॉ. प्रेमसागर मिश्रा ने राज्य के मुख्य सचिव, पीसीसीएफ सहित अन्य अधिकारियों से चर्चा की और बेहतर समन्वय बनाने का प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार जिले में स्थित कई खदानों से पर्यावरणीय अनुमति की जरूरी प्रक्रिया पूरी नहीं करने के फेर में उत्पादन बंद हो गया है। नए साल में बंद भूमिगत खदानों से पुनः कोयला उत्पादन करने की योजना है। सब कुछ ठीक रहा तो बंद कोयला खदाने एक बार फिर कोयला उगलने लगेगी। इसके लिए खदानों में कंटीन्यूअस माइनर उतारने का निर्णय लिया गया है। नए साल में अघोषित बंद भूमिगत खदानों से पुन॰ कोयला उत्पादन करने एसईसीएल ने जरूरी तैयारी शुरू कर दी है। कंटीन्यूअस माइनर लगाकर उत्पादन में उन बंद खदानों को लाएंगे, जिन माइंस में कोयला छूटा हुआ है और इसे निकाला नहीं जा सका है। अंडरग्राउंड माइंस के कोयले की अभी भी डिमांड है। यह ओपनकास्ट माइंस की तुलना में उच्च राख युक्त कोयला होने से स्टील समेत अन्य उद्योगों में मांग बरकरार है। जिले में एसईसीएल की कोरबा एरिया में भूमिगत खदानें हैं। बताया गया कि 7 मार्च तक ढेलवाडीह भूमिगत खदान से कोयला उत्पादन करने पर्यावरणीय अनुमति मिली है। आगे कोयला उत्पादन खदान से जारी रखने जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा करना होगा। इधर बलगी और सिंघाली की भूमिगत खदानों से पर्यावरणीय अनुमति नहीं लेने से उत्पादन बंद हो गया है। रजगामार और सुराकछार माइंस में निजी कंपनी का कंटीन्यूअस माइनर उतारने का निर्णय ले लिया गया है। नए साल में दोनों ही खदानें उत्पादन में लौट आएगी। पूर्व में कोयला खदानों के पिलर में छूटे कोयले को निकालने की भी योजना बनाई गई थी। इस पद्धति में कोयला निकालने के बाद पेस्ट फिलिंग किया जाना है।एसईसीएल की भूमिगत खदानों में मोटा पिलर छोड़कर कोयला निकाला गया है। अगर इन पिलर में छूटे कोयले को निकाला जाता है तो कई खदानें दोबारा उत्पादन में लौटने की संभावना बनेगी। फिलहाल दो खदानों में कंटीन्यूअस माइनर उतारकर दोबारा उत्पादन की तैयारी है। एमडीओ-रेवेन्यू शेयरिंग विकल्प एसईसीएल की बंद भूमिगत खदानों के दोबारा संचालन शुरू होने पर एसईसीएल के पास अब एमडीओ व रेवेन्यू शेयरिंग मोड के विकल्प मौजूद है।

केतकी अंडरग्राउंड माइंस एसईसीएल की एमडीओ मोड से संचालित हो रही पहली खदान है। इस पर निर्णय लिया गया तो एमडीओ मोड से संचालित खदानों की संख्या बढ़ेगी। पर्यावरण व वन मंजूरी, जमीन अधिग्रहण से जुड़े मुद्दे पर चर्चा पर्यावरण व वन मंजूरी, जमीन अधिग्रहण से जुड़े मुद्दे पर एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने राज्य शासन के मुख्य सचिव आईएएस अमिताभ जैन समेत वन विभाग के प्रमुख आईएफएस और पीसीसीएफ अधिकारियों से चर्चा की है। जरूरी मंजूरी की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने राज्य शासन के साथ बेहतर समन्वय के लिए राजधानी पहुंचकर सीएमडी डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों से चर्चा की है।

## बसपा का कार्यकर्ता सम्मेलन 3 को

**कोरबा।** बसपा के द्वारा 3 जनवरी को कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश प्रभारी दाऊराम रत्नाकर व संदीप शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है।

जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन में चारों विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष मनोज हिरवानी, सत्यजीत कुर्रे, कोरबा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष जितेंद्र बंजारे, राजकुमारी नारंगे, कार्तिक बाई, पाली से कन्हैया चौहान, रामपुर विधानसभा क्षेत्र से एस.आर.निराला के नेतृत्व में कार्यकर्ता यहां पहुंचेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेंद्र निराला, भगवती केमेंडीज, बाबूलाल टंडन सहित अनेकों कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

## निकाय चुनाव को लेकर नेताओं से मिल रहे दावेदार

**कोरबा।** नगर पालिक निगम व नगर पालिका चुनाव में वार्डों के आरक्षण घोषित होने के बाद दावेदार नेताओं से लगातार मिल रहे हैं। बांकीमोंगरा मंडल के ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम मनहर व दीपका ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह से भी दावेदारों ने मुलाकात की। इसी तरह अन्य वार्डों में दावेदार नेताओं के संपर्क में हैं। नगर पालिका दीपका में अभी तक अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की घोषणा नहीं की गई है लेकिन सामान्य सीट होने पर रजनीश तिवारी व विशाल शुक्ला चुनाव की तैयारी में लग गए हैं। रजनीश तिवारी लगातार वार्डों में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चुके हैं। इसी तरह बांकीमोंगरा नगर पालिका क्षेत्र में कांग्रेस की ओर से कई दावेदार हैं। यहां पर टीकाराम मनहर, प्रदीप अग्रवाल, संजय आजाद, परमानंद सिंह, राजेश मानिकपुरी, अजय प्रसाद, नवल किशोर चुनाव की तैयारी कर रहे हैं।

# बालको की उन्नति परियोजना से जुड़ी महिलाओं ने क्रिसमस एवं नव वर्ष को बनाया खास

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने इस त्योहार के सीजन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले अपने 'उन्नति' परियोजना के तहत घर पर बने केक की विशेष रेंज लॉन्च की है। इस पहल के तहत 300 से अधिक केक की बिक्री की। इसमें विभिन्न प्रकार के केक शामिल हैं, जो ग्राहकों की मांग को पूरा करते हुए त्योहारी आवश्यकताओं को पूरा किया। इस क्रिसमस के त्योहार पर कोरबा में बेहतरीन स्वाद का केक पेश किया।



उन्नति परियोजना से जुड़ी महिलाओं द्वारा बनाएं गए केक में प्लम, फ्रूट, चॉकलेट कप केक तथा स्लाइस केक सहित कई तरह के फ्लेवर मौजूद हैं। सभी के लिए विभिन्न स्वाद एवं कई आकार में ऑर्डर पर उपलब्ध है। प्रोजेक्ट उन्नति का उद्देश्य महिलाओं को स्व सहायता समूह में शामिल करने और उन्हें सशक्त बनाने तथा उद्यमिता और स्थायी आजीविका के निर्माण के लिए उनकी क्षमताओं और कौशल को निखारने पर केंद्रित है।

500 से अधिक एसएचजी, जिनमें 5,800 से अधिक महिलाएं शामिल हैं, जो परियोजना के विभिन्न प्रशिक्षण मॉड्यूल से लाभान्वित हो रही हैं। वर्तमान में प्रोजेक्ट उन्नति के तहत छत्तीसा माइक्रो एंटरप्राइज छत्तीसगढ़ के पारंपरिक स्नैक्स, हस्तनिर्मित चॉकलेट, आउटडोर कैटरिंग सेवा, कुकीज, अचार, पापड़, बड़ी, पपची, खाजा, ठेठरी और केक के साथ टिफिन सेवाएं प्रदान कर रहा है। परियोजना को वर्तमान में जीपीआर स्ट्रैटेजीज एंड सॉल्यूशंस के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है, जो सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित एक गैर-सरकारी संगठन है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने उद्यमिता के महत्व पर बोलते हुए कहा कि यह एक ऐसी परियोजना है जो नवाचार के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने क के लिए आवश्यक है। प्रोजेक्ट उन्नति इस भावना को दर्शाता है, जो हमारे समुदायों में स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर जीवन जीने के लिए आवश्यक कौशल, उपकरण और संसाधन प्रदान कर स्थायी आजीविका के लिए तैयार करने में बालको की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

केक खरीदने वाली देबाशीष जेना ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्नति परियोजना से जुड़ी महिलाएँ द्वारा तैयार किए गए केक अपनी गुणवत्ता और स्वाद में बेहतरीन थे। विभिन्न प्रकार के केक और डिलीवरी सुविधा ने इसकी पहुंच को आसान बना दिया है। एक नेक उद्देश्य का समर्थन करने वाले केक का आनंद लेना दिल को छू लेने वाला अनुभव था।

विभिन्न प्रकार के केक ने अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की प्रमुख महिला एवं बाल विकास परियोजना के तहत संचालित आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र, नंद घर में क्रिसमस के जश्न के दौरान 800 बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। यह परियोजना महिलाओं के लिए प्रारंभिक बचपन शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करती है। क्रिसमस कार्निवल के अंतर्गत बालको टाउनशिप में समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 400 से ज़्यादा बच्चे शामिल हुए। कार्निवल में कई तरह के सरप्राइज़, एक्टिविटी और गेम के साथ-साथ एक जादूगर के आकर्षक अनुभव भी शामिल थे। साथ ही प्लांट में भी क्रिसमस के मौके पर कंपनी के कर्मचारी एवं व्यावसायिक साझेदार सिक्रेट सेंटा बनकर सभी ने एक दूसरे को गिफ्ट प्रदान किया जो बालको की समावेशिता की कटिबद्धता के अनुरूप है।

# खनिज नयास मद से होंगे कटघोरा में करोड़ों के विकास

### नगर पालिका अध्यक्ष मित्तल की पहल पर सफलता

**कोरबा।** कटघोरा नगर पालिका परिषद के कार्यकाल के अंतिम वर्ष में कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल ने कटघोरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोहित सिंह को अनेक प्रस्ताव उनके समक्ष रखा था। स्ठरू रोहित सिंह ने कटघोरा के विकास को लेकर प्रयास किया और कोरबा जिला कलेक्टर ने कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों को लेकर जिला खनिज न्यास संस्थान ( ष्ठरू्न) मद से करोड़ो के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। यह कार्य बहुत जल्द प्रारम्भ होंगे और कटघोरा नगर विकास कि राह में आगामी दिनों में अग्रसर होगा।

आज इसी परिपेक्ष्य में कटघोरा नगर पालिका परिषद के सभागार में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें स्वीकृत सभी कार्यों की समीक्षा की गई और उपस्थित सभी पार्षदों ने अपनी सहमति जताते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोहित सिंह को आभार दिया की उनके प्रयास से कटघोरा नगर को जिला ष्ठरू्न फण्ड से करोड़ो के विकास कार्यों को एक गति मिलेगी। बैठक में नगर पालिका परिषद केअध्यक्ष रतन मित्तल, पार्षद संजय कुमार अग्रवाल, जय नारायण कंवर, रविन्द्र मोहन बघेल, मुरली साहू, ममता अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल उपस्थित रहे।



कटघोरा नगर पालिका परिषद में स्वीकृत कार्य है जिसमे प्रमुख रूप से कैटल कैचर विथ हाइड्रोलिक ट्रेलर प्रदाय 6.50 लाख, वार्ड क्रमांक 5 में नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य 7.76 लाख, वार्ड क्रमांक 2 मेन रोड कटघोरा कोरबा से मुड़ाभाँटा पहुँचमार्ग तक सीसी रोड निर्माण कार्य 16.96 लाख, गढ़ कलेवा कटघोरा में यूरिनल और टॉयलेट ब्लॉक निर्माण एवं इलेक्ट्रिकफिकेशन कार्य 4.79 लाख, वार्ड क्रमांक 2 पुष्पवाटिका गार्डन का उन्नयन एवं विकास कार्य 79.36 लाख, बालक उच्च.माध्य.विद्यालय खेल मैदान में क्रिकेट ग्राउंड पीच एवं बाऊंड्रीवाल निर्माण कार्य 48.07 लाख, वार्ड क्रमांक 4 मेला ग्राउंड में पाथवे निर्माण एवं इलेक्ट्रिक कार्य 39.91लाख, वार्ड क्रमांक 2 स्वामी आत्मानन्द हिंदी मीडियम स्कूल में सायकल स्टैंड निर्माण कार्य 5.62 लाख, वार्ड क्रमांक 9 स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में सायकल स्टैंड निर्माण कार्य 5.62 लाख, वार्ड क्रमांक 4 गोल गुम्बद भवन का सुदृढ़ीकरण कार्य 26 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

कटघोरा नगर पालिका परिषद के अनेक वार्ड ऐसे है जहां आज भी पेयजल किं समस्या बनी हुई है वजह है कि यहां पाइप लाइन का विस्तार कार्य नहीं हुआ है। ऐसे वार्डों के लिए 15 वें वित्त से प्राप्त 2.60 करोड़ की राशि से पाइप लाइन विस्तार के लिए स्वीकृत हुई की गई है।

## डीपी से मिले यूनियन प्रतिनिधि

**कोरबा।** दीपका में ओवरब्रिज निर्माण के लिए यूनियन प्रतिनिधियों ने डीपी के गेवरा आगमन पर उनसे मुलाकात कर ओवरब्रिज निर्माण के संबंध में जानकारी दी। उन्हें बताया कि ओवरब्रिज का निर्माण पुराने नक्शे के हिसाब से बनाया जाए। अगर नया नक्शा पास होता है तो कोयला कामगारों को परेशानी होगी। हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। यूनियन प्रतिनिधि रेशमलाल यादव, दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव, प्रीतम राठौर, जनाराम कर्ष, मदन सिंह ने बताया कि इस मामले को यहां के अधिकारियों के समक्ष रखा गया है। अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया था कि इस मुद्दे पर गंभीरता के साथ विचार किया जाएगा।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com